

षष्ठी दिन - कात्यायनी: न्याय और वीरता की देवी।

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

कदम बढ़ाएं, सच के साथ

RNI NO. RAJHIN/2013/52026



वर्ष : 13 | अंक : 54 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | रविवार, 28 सितंबर 2025 | आश्विन, शुक्ल पक्ष, षष्ठी संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## न्यूज ब्रीफ

### संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल बढ़ाने की तैयारी

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** संसद की स्थायी समितियों का कार्यकाल एक साल से बढ़ाकर 2 साल करने की तैयारी है. अभी हर साल पुनर्गठन से निरंतरता टूट जाती है और बिलों-रिपोर्टों की गहन जांच अधूरी रह जाती है. इस बदलाव से समितियां विधेयकों और महत्वपूर्ण विषयों की गहराई से समीक्षा कर सकेंगी. इस कदम से मौजूदा अध्यक्ष शशि थरूर अपने पद पर दो साल और बने रह सकते हैं।

### CBI: घर खरीदारों ने बिल्डरों पर लगाए धोखाधड़ी के आरोप

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** घर खरीदारों से धोखाधड़ी के आरोप में सीबीआई ने कोलकाता, बंगलूरू और मुंबई में 12 ठिकानों पर छापेमारी की। एजेंसी ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर छह अलग-अलग मामलों में दर्ज एफआईआर के आधार पर उठाया है।

# 38 लोगों की हुई मौत पीएम मोदी ने जताया दुख

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/चेन्नई।** तमिलनाडु के करूर में शनिवार को चुनावी रैली में मची भगदड़ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है. पीएम मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है. बता दें कि इस घटना में अब तक 38 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है. पीएम मोदी ने कहा, "मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है. मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं. सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं."

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट के जरिए कहा, "तमिलनाडु के करूर में एक रैली में हुए दुखद हादसे से बेहद दुखी हूं. निर्दोष लोगों की जान जाना वाकई दिल दहला देने वाला है. शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं." बता दें कि करूर की चुनावी रैली में अचानक मची अफरा-तफरी में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई।



**'तमिलनाडु का सिर नहीं झुकने दूंगा'**

राज्य के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि मैं तमिलनाडु का सिर नहीं झुकने दूंगा. करूर से आ रही खबर चिंताजनक है. मैंने पूर्व मंत्री वी सेंथिलबालाजी और जिला कलेक्टर से संपर्क किया है ताकि भीड़ के कारण बेहोश हुए और अस्पताल में भर्ती हुए नागरिकों का तुरंत इलाज किया जा सके. उन्होंने कहा, "मैंने पास के त्रिची जिले के मंत्री को भी युद्धस्तर पर जरूरी सहायता मुहैया कराने का आदेश दिया है. मैंने वहां के एडीजीपी से भी बात की है कि वे जल्द से जल्द स्थिति सुधारने के लिए कदम उठाएं. मैं जनता से डॉक्टरों और पुलिस विभाग के साथ सहयोग करने का अनुरोध करता हूं."

आई लव मोहम्मद विवाद

# बरेली के बाद बाराबंकी और मऊ में भी तनाव, पूरे यूपी में पुलिस का कड़ा पहरा

बढ़ता राजस्थान



**बरेली/बाराबंकी/वाराणसी।** बरेली में 'आई लव मोहम्मद' अभियान को लेकर शुरू हुए विवाद के बाद बाराबंकी और मऊ जिलों में भी तनाव बढ़ गया है, ऐसे में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाते हुए भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। बरेली और वाराणसी में माहौल बिगाड़ने के आरोप में आठ-आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को दावा किया कि स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है।

पुलिस के अनुसार बरेली में शुक्रवार देर रात से शनिवार सुबह तक पुलिस ने घर-घर दबिश दी। करीब 36 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया है, जबकि इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा समेत आठ आरोपियों को माहौल ख़राब करने के आरोप में गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया गया है।

बरेली के जिलाधिकारी अवनीश सिंह ने शनिवार को बताया कि बरेली में स्थिति सामान्य है और स्कूल-कॉलेज एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान खुले हुए हैं। पुलिस के अनुसार, अब तक बरेली के विभिन्न थानों में कुल 10 मामले दर्ज किए गए हैं।

बरेली के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी के अनुसार, पुलिस और खुफिया विभाग की जांच में यह स्पष्ट हो गया है कि यह बवाल अचानक नहीं भड़का, बल्कि यह एक ''पूर्व नियोजित साजिश'' थी। पुलिस का कहना है कि खुफिया रिपोर्ट और वीडियो फुटेज के आधार पर कुछ स्थानीय नेताओं के नाम भी सामने आए हैं।

साहनी ने कहा कि बरेली के अमन-चैन को बिगाड़ने वालों को जेल भेजा जाएगा और उनके खिलाफ गुंडा अधिनियम, गैंगस्टर अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार देर शाम बवाल थमने के बाद भी अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रमित शर्मा, डीआईजी साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य समेत पुलिस की टीम पूरी रात सड़कों पर तैनात रहीं।

एक अधिकारी ने बताया कि बरेली में हालात अब काबू में हैं, लेकिन दोबारा कोई उपद्रव न हो, इसके लिए 15 जिलों से पुलिस बल, 'प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी' (पीएसी) और अर्धसैनिक बल की कंपनियां तैनात कर दी गई हैं। अधिकारी के अनुसार लगभग 8000 से अधिक जवान पूरे शहर में तैनात हैं। हर गली, चौराहे और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी है।

# 10 दिन में 4 देशों का दौरा... विदेश यात्रा पर रवाना हुए राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिकी महाद्वीप के चार देशों की यात्रा पर रवाना हुए हैं, जहां उनका प्रमुख नेताओं, छात्रों और व्यापारियों से मुलकात एवं संवाद का कार्यक्रम है. राहुल गांधी 10 दिनों की विदेश यात्रा पर गए हैं और इस दौरान वह ब्राजील, कोलंबिया, पेरू एवं चिली का दौरा करेंगे. कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दक्षिण अमेरिका की यात्रा पर रवाना हुए हैं. उनका चार देशों के नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों से मिलने का कार्यक्रम है.'' कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी ब्राज़ील, कोलंबिया और अन्य जगहों का दौरा करेंगे, जहां उनके विश्वविद्यालय के छात्रों से बातचीत करने की उम्मीद है. पार्टी ने कहा कि वह कई देशों के राष्ट्रपतियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठकें करेंगे और लोकतांत्रिक एवं रणनीतिक संबंधों को मजबूत करेंगे।


पार्टी ने यह भी कहा कि अमेरिकी शुल्क के मद्देनजर भारतीय व्यापार और साझेदारी में विविधता लाने के अपने प्रयासों के तहत, राहुल गांधी व्यापार जगत के प्रमुख लोगों के साथ मिलकर अवसरों की तलाश करेंगे. वह ब्राजील, कोलंबिया और अन्य जगहों के विश्वविद्यालयों के छात्रों से बातचीत करेंगे और वैश्विक नेताओं की अगली पीढ़ी के साथ संवाद स्थापित करेंगे।

# मोदी बोले- कांग्रेस अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रही

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा पहुंचे। उन्होंने जनता को करीब 38 मिनट तक संबोधित किया। इस दौरान PM ने आत्मनिर्भर भारत, GST बचत उत्सव, कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर बात की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर की शुरुआत हुई तो भारत पीछे रह गया था। सोशल मीडिया पर चुटकुले चलते थे। जाने क्या-क्या लिखा जाता था। अब भारत स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी वाला पांचवां देश बन गया है। मोदी ने कांग्रेस शासित राज्यों में जारी लूटतंत्र का भी जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार ने टैक्स घटा दिया, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस सरकार जनता तक इसका लाभ नहीं पहुंचा रही है। वे अपना टैक्स लगाकर लूट में लगे हैं। अभी भी हरकत से बाज नहीं आ रहे। प्रधानमंत्री का 15 महीनों में छठा ओडिशा दौरा था। उन्होंने 60 हजार करोड़ रुपए के कई बड़े रेल, एजुकेशन और हेल्थ प्रोजेक्ट्स की शुरुआत की।




**PM मोदी ने इन प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया...**

- रेलवे क्षेत्र में PM मोदी 34 किलोमीटर लंबे कोरापुट-बैगुड़ा और 82 किलोमीटर लंबे मनाबार-कोरापुट-गोरापुर की रेल डबलिंग लाइन का उद्घाटन किया। इन योजनाओं पर करीब 1400 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।
- संबलपुर शहर में PM मोदी 273 करोड़ रुपए की लागत से बने 5 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इससे खनिज ढोने में आसानी होगी और दक्षिण ओडिशा के उद्योगों व लोगों को नए रोजगार और विकास के मौके मिलेंगे।
- मोदी ने एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज, ब्रह्मपुर और वीआईएमएसएआर, संबलपुर को सुपर-स्पेशियलिटी का दर्जा दिया। साथ ही उन्होंने आठ IITs के विस्तार की घोषणा की।
- PM ने एक राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम की शुरुआत की और अंत्योदय योजना के तहत 50,000 लाभार्थियों को सहायता प्रदान की।






बीएसएनएल की रजत जयंती पर उपभोक्ताओं को खास तोहफा

# प्रदेशवासियों को स्वदेशी 4जी नेटवर्क के माध्यम से मिल रहा संचार सुविधाओं का लाभ - भजनलाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी नेटवर्क सेवा के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में 4जी सेवा के लाभार्थियों से आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दूरसंचार क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान की हजारों साइट्स पर अब बीएसएनएल की 4जी सेवा उपलब्ध है। इससे प्रदेशवासियों को स्वदेशी रूप से विकसित नेटवर्क पर शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल रहा है। विभिन्न जिलों से वर्चुअली जुड़े तथा कार्यक्रम में मौजूद सभी लाभार्थियों ने 4जी सेवा के प्रारंभ होने से उनके जीवन में आए बदलाव के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किए।




अलवर के हरिपुरा गांव के श्री तुलसीदास ने बताया कि उनका गांव वर्षों तक संचार सुविधा से वंचित था। गांव में 4जी नेटवर्क आने से बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। ब्यावर के नाईकलां ग्रामवासी श्री सोहनसिंह ने बताया कि हमें मोबाइल पर बातचीत करने के लिए पहाड़ियों पर चढ़ना पड़ता था। 4जी सेवा की शुरूआत होने से हमारी ग्राम पंचायत में केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ मिल पा रहा है। जैसलमेर की अभयवाला चौकी से जुड़े बीएसएफ के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 200 मीटर दूर पर ही अब 4जी सेवा की पहुंच होने से सीमा पर चौकसी और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो गई है।




## सम्पादकीय

# टैरिफ की एक और डोज, दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार समझौते बनेगी बात



अमेरिकी राष्ट्रपति ने दवाओं पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा करके एक बार फिर हलचल पैदा कर दी। राहत की बात यह है कि उन्होंने पेटेंट दवाओं पर ही टैरिफ लगाया है। इस कारण भारतीय फार्मा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे अमेरिका को मुख्यतः जेनरिक दवाओं की ही आपूर्ति करती हैं।

इन कंपनियों की अमेरिका निर्यात होने वाली दवाओं में जेनरिक दवाओं का हिस्सा 95 प्रतिशत है। चूंकि पांच प्रतिशत हिस्सा ही पेटेंट दवाओं का है, इसलिए अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से भारतीय हितों को फिलहाल नुकसान होने नहीं जा रहा है, लेकिन जिस तरह भारतीय फार्मा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई, उससे ऐसा लगता है कि शेयर बाजार ट्रंप को लेकर सुनिश्चित नहीं कि उनके फार्मा टैरिफ का दायरा केवल पेटेंट दवाओं तक ही सीमित रहने वाला है। जो भी हो, ट्रंप के एक अक्टूबर से प्रभावी होने वाली दवाओं पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने के फैसले ने भारत की फार्मा कंपनियों को यह संदेश तो दे ही दिया कि वे उनके भावी कदमों को लेकर सतर्क रहें। उन फार्मा कंपनियों को तो सर्तकता बरतनी ही चाहिए, जो जेनरिक के साथ पेटेंट दवाएं भी अमेरिका को बेचती हैं या फिर बेचने का इरादा रखती हैं। भले ही ट्रंप के दवाओं पर टैरिफ लगाने से यूरोपीय देशों की वे कंपनियां ही अधिक प्रभावित हुई हों, जो उसे पेटेंट दवाओं की आपूर्ति करती हैं, लेकिन भारत इसकी अनदेखी नहीं कर सकता कि इसके पहले अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ थोप रखा है। इसके अलावा ट्रंप ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारत को दी गई रियायत को खत्म कर चुके हैं और अभी हाल में एच-1 बी वीजा की फीस में अप्रत्याशित वृद्धि कर चुके हैं। उनके ये तीनों ही कदम भारतीय हितों पर चोट करने वाले हैं। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति रूस से तेल खरीदने के कारण भारत को तो निशाना बना रहे हैं, लेकिन चीन और तुर्किये के खिलाफ कोई कदम उठाने से इन्कार कर रहे हैं। यह ठीक है कि भारत के अडिग रहने और अमेरिका के दोहरे मानदंडों को बेनकाब करने के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के प्रति अपने कठोर रुख को नरम किया है, लेकिन बात तब बनेगी, जब दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार समझौता हो जाता है।

भारत की कोशिश यह होनी चाहिए कि वह यथाशीघ्र इस समझौते को अंतिम रूप दे और ऐसा करते समय अपने हितों की रक्षा करे। यदि ऐसा हो जाए तो भी भारत को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की राह पर बढने में कोई कसर नहीं छोडनी चाहिए। आत्मनिर्भर भारत के सपने को तभी साकार किया जा सकता है, जब भारतीय उद्योग जगत विश्व बाजार में प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होगा।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 28 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1837 - अंतिम मुग़ल बादशाह बहादुर शाह द्वितीय ने दिल्ली का शासन संभाला।
- 1838 - बहादुरशाह जफ़र भारत में मुग़लों का अंतिम सम्राट, अपने पिता की मृत्यु के बाद सिंहासन पर बैठा।
- 1887 - चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
- 1923 - इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
- 1928 - अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
- 1950 - इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60 वां सदस्य बना।
- 1958 - फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
- 1994 - एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
- 1997 - अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र 'मीर' से जुड़ा।
- 2000 - सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
- 2001 - अमेरिका व ब्रिटिश सेना एवं सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' प्रारम्भ किया।
- 2003 - यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
- 2004 - विश्व बैंक ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
- 2006 - जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने शपथ ली। विश्व व्यापार संगठन के पूर्व प्रमुख सुपाचाओ पानिच पाकड़ी थाइलैंड के नये प्रधानमंत्री घोषित। तालिबान ने लादेन के जीवित होने की घोषणा की। फ्रांस की चिकित्सा टीम ने लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण में एक व्यक्ति का सफल आपरेशन किया।
- 2007 - मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में चक्रवर्ती तूफ़ान लोरेंजो ने भारी तबाही मचाई। नेशनल एयरोनॉटिक्स स्पेस एडमिनिशस्ट्रशन (नासा) ने विशेष यान डॉन का प्रक्षेपण किया। रूस ने ईरान के ख़िलाफ़ सुरक्षा परिषद के माध्यम से नये प्रतिबन्ध लगाने के प्रयास का विरोध किया।
- 2009 - स्टार खिलाड़ी सानिया मिजऱ्ा पैन पैसिफिक ओपन के पहले राउंड में हार के बाद बाहर हुई।

## विशेष आलेख

# लता जी संगीत की शिखर साध्वी: जयंती नहीं, स्वर-उत्सव है



प्रो. आरके जैन



जिस तरह राग दरबारी की तान मन को गहन शांति और आलौकिक अनुभूति में डुबो देती है, उसी तरह लता मंगेशकर का नाम लेते ही हर भारतीय का हृदय श्रद्धा, प्रेम और गर्व की लहरों से झंकृत हो उठता है। 28 सितंबर 1929 को इंदौर के एक साधारण मराठी परिवार में जन्मी लता जी केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारतीय संगीत की वह धरोहर थीं, जिन्होंने अपने स्वर से युगों को जोड़ा। उनकी आवाज़ एक जादुई तार थी, जो हर भावना—प्रेम, विरह, भक्ति, और देशप्रेम को आत्मा की गहराइयों तक पहुँचाती थी। लता जी का जन्म न केवल एक तारीख था, बल्कि भारतीय संस्कृति में एक स्वर्णिम युग का प्रारंभ था, जिसने संगीत को आत्मा का दर्पण बना दिया। स्वर कोकिला का खिताब उनके लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनकी आवाज़ की पवित्रता और गहराई का साक्षात्कार था। उनका मूल नाम हेमा था, पर उनके पिता, शास्त्रीय संगीतज्ञ और रंगमंच के दिग्गज पंडित दीनानाथ मंगेशकर ने उन्हें लता नाम दिया। घर में संगीत का ऐसा माहौल था कि मानो हर दीवार से रागिनी और हर हवा में ताल गूंजता था। पाँच वर्ष की उम्र से ही लता जी ने पिता के नाटकों में अभिनय शुरू किया, और संगीत उनकी साँसों का हिस्सा बन गया। लेकिन 1942 में, जब वह मात्र 13 वर्ष की थीं, उनके पिता का असामयिक निधन ने परिवार को आर्थिक और भावनात्मक संकट में डाल दिया। इस नन्ही उम्र में लता जी ने अपने कंधों पर परिवार की जिम्मेदारी उठाई और अपनी आवाज़ को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाया। यही दृढ़ता और संकल्प उनकी आवाज़ में वह करुणा और तीव्रता लाया, जो हर गीत को अमर कर गया।

1942 में मराठी फिल्म किटी हसाल के लिए उनका पहला गीत (नाचू या गड़े, खेलो सारी मणि हौस भारी) रिकॉर्ड हुआ, लेकिन हिंदी सिनेमा में उनकी राह आसान नहीं थी। उस दौर में नूरजहाँ और शमशाद बेगम जैसी दमदार आवाज़ों का बोलबाला था, और लता जी की कोमल, मधुर आवाज़ को कई निर्माताओं ने पतली कहकर ठुकरा दिया। लेकिन लता जी का आत्मविश्वास और अथक परिश्रम ने संगीत की दुनिया को उनकी प्रतिभा का कायल बना दिया। 1949 में फिल्म महल का गीत आएगा आनेवाला उनकी पहली बड़ी कामयाबी थी, जिसने न केवल उन्हें रातोंरात सितारा बनाया, बल्कि हिंदी सिनेमा में पार्श्वगायन की नींव को नए सिरे से गढ़ा। यह गीत लता जी की आवाज़ का वह जादू था, जो समय और सीमाओं को लाँघकर आज भी हर दिल में गूंजता है।

लता मंगेशकर की आवाज़ एक ऐसी नदी थी, जो हर भाव की गहराई को छूकर श्रोता के हृदय तक बहती थी। उनकी बहुमुखी प्रतिभा का जादू इस बात में था कि वह हर राग, हर भाव को अपनी आवाज़ में इस तरह पिरोती थीं। चाहे प्रेम की मधुर लय हो, जैसे लग जा गले में छलकती कोमलता, या तेरे बिना जिंद्रगी से में बसी नाजुक शिकायत; विरह की करुणा हो, जैसे आजा रे परदेसी की पुकार; भक्ति की पवित्रता हो, जैसे ज्योति कलश छलके या ओ पालनहारे का आलोक; या फिर राष्ट्रप्रेम की हुंकार, जैसे ए मेरे वतन के लोगों की गूंज—लता जी की आवाज़ हर गीत को एक अविस्मरणीय अनुभव बना देती थी। 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद गाया गया ए मेरे वतन के लोगों केवल एक गीत नहीं था, बल्कि देश की एकता और बलिदान की भावना का प्रतीक था। इस गीत ने न केवल जवाहरलाल नेहरू की आँखें नम कीं, बल्कि हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित कर दी। लता जी की महानता केवल उनकी आवाज़ तक सीमित नहीं थी; उनकी सादगी, अनुशासन और विनम्रता ने उन्हें एक युगपुरुष बनाया। वह समय की पाबंदी की जीवंत मिसाल थीं—रिकॉर्डिंग स्टूडियो में हमेशा समय से पहले पहुँचने वाली लता जी हर गीत को तपस्या की तरह गाती थीं। नौशाद, मदन मोहन, शंकर-जयकिशन, और आर.डी. बर्मन जैसे संगीतकारों के साथ उनका रिश्ता केवल पेशेवर नहीं, बल्कि हृदय से हृदय का बंधन था। वह गीत के बोल और भाव को पहले आत्मसात करती थीं, फिर अपनी आवाज़ से उसे अमर कर देती थीं। यही कारण है कि उनके गीत समय की सीमाओं को लाँघकर आज भी उतने ही जीवंत और प्रासंगिक हैं।

36 से अधिक भाषाओं में 30,000 से अधिक गीत गाकर लता जी ने विश्व संगीत में एक अनुपम कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी आवाज़ ने हिंदी सिनेमा को वैश्विक पहचान दी, और मराठी, बंगाली, तमिल, तेलुगु जैसी क्षेत्रीय भाषाओं में भी अपनी अमिट छाप छोड़ी। उनके गीत केवल संगीत नहीं, बल्कि जीवन के हर रंग के साथी हैं—प्रेम में मिठास, दुख में सांत्वना, और देशभक्ति में जोश का संचार करने वाले। लता जी की आवाज़ वह जादुई तार थी, जो हर पीढ़ी के हृदय को एक सूत्र में बाँध लेती थी। उनकी विरासत संगीत की दुनिया में एक ऐसी रोशनी है, जो कभी मद्धम नहीं होगी। लता जी का व्यक्तित्व उनकी कला जितना ही प्रेरणादायी था। अपार ख्याति और वैभव के बावजूद वह सादगी की मूर्ति रहीं। अहंकार को उन्होंने कभी अपने पास नहीं फटकने दिया। वह कहती थीं, मेरा सबसे बड़ा पुरस्कार है जनता का प्यार। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण (1969), पद्म विभूषण (1999), दादा साहब फाल्के पुरस्कार (1989), और भारत रत्न (2001) से सम्मानित किया।

# रामराज्य कपोल कल्पना नहीं, आदर्श शासन प्रणाली



नरेंद्र तिवारी

*राज्य में चरित्रवान शासक और सद चरित्र नागरिकों का होना आवश्यक है। रामराज्य अपराध मुक्त समाज की स्थापना पर बल देता है। यह भारत में ही नहीं अपितु विश्व में किसी भी राष्ट्र में संभव है।*

रामराज्य का विचार कोरी कल्पना नहीं जमीनी हकीकत है, इसे कार्य रूप में परिणीति किया जा सकता है। इस विचार को व्यवहारिक रूप से स्थापित किया जा सकता है। रामराज्य एक आदर्श शासन व्यवस्था है। जिसका लक्ष्य आदर्श राष्ट्र राज्य का निर्माण करना है। एक आदर्श राज्य जिसमें चारो और खुशहाली का माहौल हो, जनता का अपने राज्य और शासक के प्रति गहरी आस्था और विश्वास हो। राम राज्य शासन व्यवस्था के कुछ आवश्यक तत्व भी है जिसमे न्याय, निष्पक्षता, अहिंसा, सामुदायिक सदभावना, धर्मशील कर्तव्य परायण राजा, चरित्रवान जनता शामिल है। ज़ब जनता सुखी होंगी, राजा से लेकर रंक तक अपनी कर्तव्य पालना ईमानदारी से करेंगे। इस राज्य में चरित्रवान शासक और सद चरित्र नागरिकों का होना आवश्यक है। रामराज्य अपराध मुक्त समाज की स्थापना पर बल देता है। यह भारत में ही नहीं अपितु विश्व में किसी भी राष्ट्र में संभव है। भारत में यह अयोध्या के राजा श्री राम के कालखंड में किये शासन की अवधारणा से जुड़ा है। श्री राम त्रेता युग के अंत में अयोध्या के राजा थे। उन्हें सूर्यवंशी क्षत्रिय माना जाता है। रामायण के काल को त्रेता युग का ही समय बताया जाता है। अयोध्या प्राचीन कोसल साम्राज्य की राजधानी थी, और श्रीराम इस साम्राज्य के राजा थे। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास रामराज्य का वर्णन करते हुए लिखते है-

दैहिक दैविक भौतिक तापा।
रामराज नहिं काहुहि ब्यापा।।
सबु नर करहि परस्पर प्रीती
चलहीं स्वधर्म निरत श्रुति नीती।।

इस चौपाई के अनुसार रामराज्य में किसी को शारारिक, प्राकृतिक या सांसारिक पीड़ा नहीं थी, सभी मनुष्य परस्पर प्रेम करते थै, और अपने-अपने धर्म व शास्त्रों के बताए मार्ग पर चलते थै। यह चौपाई रामराज्य के दौरान आदर्श समाज की सामाजिक स्थिति का वर्णन करती है, जहाँ सभी लोग सुखपूर्वक, शांतिपूर्वक धर्मनिष्ठ जीवन व्यतीत करते थै। अब जबकि हम वर्ष 2025 का सांस्कृतिक पर्व दशहरा मनाने जा रहे है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय, अन्याय पर न्याय की जीत के रूप शताब्दीयों से बनाते आ रहे है। इस दिन राक्षक राज रावण का मर्यादा पुरषोत्तम श्रीराम ने वध किया था। यह पर्व भारत की आत्मा में निवासरत भगवान श्रीराम के वनवासी जीवन के दौरान घटित संस्मरण की याद दिलाता है। श्री राम को याद करने पर रामराज्य के सिद्धांतो पर भी अमल किया जाना चाहिए। दुनियाँ के देशो में ज़ब शासको के प्रति विद्रोह की सनक सवार है, तब रामराज्य की अवधारणा पर न सिर्फ विचार किया जाना चाहिए साथ ही इस शासन प्रणाली की विशेषताओं को अपनाने के प्रयास भी करना चाहिए। वाल्मीकि रामायण में रामराज्य का उल्लेख एक आदर्श राज्य या साम्राज्य के संदर्भ में है। जिसकी विशेषताओं में उत्तम शासन, न्याय, समृद्धि, और नैतिक धार्मिकता है। राम के वनवास से लौटने के बाद उनके शासन में देखा गया। इसे आदर्श समाज के रूप में माना गया जहाँ धर्म का महत्व और जन कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। रामराज्य धर्म आधारित शासन प्रणाली जिसमे सभी कार्य नैतिक दृष्टि से किये जाने पर बल दिया जाता है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



श्री राजेश आर्य
(वरिष्ठ श्रेणी के आईपीएस अधिकारी)


नमस्कार साथियों हमारी आज के शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के शानदार अधिकारी श्री राजेश आर्य साब। 16 जनवरी सन1968 को हरियाणा में जन्में राजेश जी शुरू से ही होनहार रहे हैं। बीएससी (इंजी) इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, एमपी (लोक प्रशासन) एमटेक (कंप्यूटर प्रौद्योगिकी) जैसी बड़ी डिग्री हासिल करने के बाद भारतीय पुलिस सेवा में आए और अनेक स्थानों पर पुलिस कप्तान रहकर शानदार कार्य किया। आज वे अध्यक्ष नेशनल टेक्निकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन, भारत सरकार जैसे बड़े पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त सचिव,राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय एनएससीएस नई दिल्ली रहे। संयुक्त सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय;एनएससीएस नई दिल्ली। प्रोफेसर लोक प्रशासन,एलबीएसएन मंसूरी। महानिरीक्षक पुलिस, इन्टेलिजेन्स, जयपुर। निदेशक प्रशिक्षण कार्मिक विभाग, दिल्ली प्रशिक्षण प्रभाग। उप निदेशक वरिष्ठ एलबीएसएन मसूरी। उप निदेशक, एलबीएसएन मसूरी। पुलिस अधीक्षक, कोटा शहर कोटा। पुलिस अधीक्षक, अलवर। सहायक पुलिस महानिरीक्षक प्रथम जयपुर।प्रतिनियुक्ति पर संयुक्त राष्ट्र मिशन कोसोवा। पुलिस अधीक्षक, सीकर। पुलिस अधीक्षक, करौली। वृत्ताधिकारी, जोधपुर शहर पश्चिम। पुलिस महानिरीक्षक, आरएसी जयपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय राजस्थान जयपुर। 26.जनवरी सन 2017 को इन्हे सरकार की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए पुलिस पदक से नवाजा गया। शानदार अधिकारी हैं राजेश आर्य सर। हरियाणा के मूल निवासी, आर्य एक प्रतिष्ठित अधिकारी हैं जिन्होंने राजस्थान में खुफिया विभाग के महानिरीक्षक आईजीद्ध के रूप में कार्य किया।

**- रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# क्या है ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया बीमारी?

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों बिग बॉस 19 होस्ट कर रहे हैं जिस वजह से वो चर्चा में बने हुए हैं। दूसरी ओर उनकी अपकमिंग फिल्म बैटल ऑफ गलवान ने भी भाईजान को सुर्खियों में ला दिया है। इसी बीच सलमान खान की बीमारी को लेकर भी बात होने लगी है जिसका दर्द उन्होंने पूरे 7 सालों तक झेला है। खुद सलमान खान ने इस बारे में खुलकर बात की और बताया कि वो ट्राइजेमिल न्यूराल्जिया नाम की बीमारी से जूझ चुके हैं। सलमान खान ने काजोल और ट्विंकल खन्ना के प्राइम वीडियो टॉक शो टू मच में बताया कि उन्हें कैसे हर पल इस बीमारी के दर्द का एहसास होता था।कई बार तो दर्द




असहनीय होता था जिस वजह से उनका काम करना मुश्किल हो जाता था।

**क्या है ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया?**

अब सवाल ये उठता है कि सलमान खान को होने वाली बीमारी ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया क्या है? दरअसल, ये एक दुर्लभ लेकिन बेहद दर्दनाक न्यूरोलॉजिकल बीमारी है, जिसे सुसाइड डिजीज भी कहा जाता है। इस बीमारी में चेहरे की नसों पर असर पड़ता है, जिससे थोड़े से स्पर्श, हवा या बात करने पर भी असहनीय बिजली जैसे झटके वाला दर्द महसूस होता है।

**ट्राइजेमिनल न्यूरेल्जिया के लक्षण**

चेहरे पर अचानक तेज झटका या चुभन जैसा दर्द। दांत, जबड़े, आंखों और नाक के आसपास जलन। ब्रश करने, चेहरा धोने, हवा लगने या बात करने पर दर्द ट्रिगर होना। दर्द का बार-बार अटैक होना। रोजमर्रा के काम करने में परेशानी।

**ट्राइजेमिनल न्यूराल्जिया के कारण**

नस पर रक्त वाहिका का दबाव। मल्टीपल स्क्लेरोसिस जैसी न्यूरोलॉजिकल बीमारियां।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप अपने आलस को अपने ऊपर हावी होने न दे। लंबे समय से रुकी हुई योजनाएं पूरी हो सकती हैं। आपको अपनी वाणी व व्यवहार में स्पष्टता बनाए रखनी होगी ।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताने का आपको मौका मिलेगा। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**मिथुन**
आज आपको जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचना होगा। सुख साधनों में वृद्धि होगी। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम को लेकर कोई सलाह बहुत ही सोच समझ कर लेनी होगी।

**कर्क**
आज आप अपने घर की साज-सज्जा पर अच्छा खासा खर्च करेंगे, लेकिन इनकम थोड़ी सी कम रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की कोई बात बुरी लग सकती है। संतान के मन में चल रही।

**सिंह**
आज आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। व्यस्तता अधिक रहेगी और आपका मनोबल भी ऊंचा रहेगा। आपको किसी शुभ व कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कन्या**
आज आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। आप कुछ कानूनी मामलों में निर्णय थोड़ा धैर्य रख कर ले और आपको बेवजह की भागदौड़ लगी रहेगी। आप अपने किसी मित्र के लिए आप कुछ रुपये का इंतजाम भी कर सकते हैं।

**तुला**
आज आप किसी बड़े लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसके लिए आप पूरी मेहनत से करेंगे। किसी नए काम की शुरुआत भी आप कर सकते हैं। आध्यात्मिक के कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को अपनी इनकम को बढ़ाने के मौके मिलेंगे। आज आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके घर किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवन साथी से यदि किसी बात को लेकर मनमुटाव चल रहा था, तो वह भी दूर होगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए सेहत में उतार-चढ़ाव लेकर आने वाला है। आप किसी से भी कटु वचन ना बोले और वाहनों के प्रयोग से आपको सावधान रहना होगा। वरिष्ठ सदस्यों से आप काम को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आपका धन यदि अटका हुआ था, तो वह भी आपको मिल सकता है।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। बिजनेस को लेकर यदि आप कोई बदलाव करना चाहते थे, तो वह आप कर सकते हैं। पार्टनर की इसमें आपको पूरी सहमति मिलेगी, लेकिन आप अपने दिल के बजाय दिमाग से कभी कोई निर्णय ले।

समुदाय विशेष की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ व कोचिंग संचालक से मारपीट का मामला

# कोतवाली पुलिस थाना में नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज,पुलिस को दो युवको को लिया हिरासत में

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कोतवाली टोंक पुलिस थानान्तर्गत जेल रोड़ स्थित एक कोचिंग सेंटर की नाबालिग छात्रा को एक समुदाय विशेष के युवको द्वारा लगातार छेड़छाड़ करके परेशान करने तथा सेंटर संचालक के साथ मारपीट के बाद शुक्रवार की देर रात माहौल गरमा गया।

इस घटना के बाद पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता,भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चैहान सहित कई हिन्दु संगठनों ने विरोध जताते हुए हमलावर बदमाश युवको के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की मांग की है। इस मामले में पुलिस ने दो युवको को हिरासत में लिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम को एक नाबालिग छात्रा कोचिंग के बाद घर जा रही थी जिस दौरान ही बीच में एक समुदाय विशेष के युवको ने छेडछाड करके उनके साथ नही चलने पर तेजाब डालने की धमकी दी बताई।

धमकी से घबराकर छात्रा वापस कोचिंग पहुची, तो वहां भी वह युवक अन्य युवको के साथ जा धमका,साथ ही छात्रा से छेडछाड का उलाहना देने वाले कोचिंग संचालक से मारपीट की।







### सूचना मिलने पर पुलिस उपाधीक्षक पहुंचे मौके पर

मामले की सूचना के बाद पुलिस उपाधीक्षक राजेश विधार्थी, कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवरलाल वैष्णव पुलिस बल के साथ वहां पहुचे तक तक आरोपी वहां से भाग छुटे। इस घटना के विरोध में शनिवार को ग्रामीणो ने टोंक-देवली रोड स्थित बाडा जेरे किला गांव के पास विरोध प्रदर्शन करके बदमाशो के खिलाफ कार्रवाही की मांग की। वही पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चैहान, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पराना, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया आदि ने घटनास्थल जाकर कोचिंग संचालक एवं छात्रा से घटना की जानकारी ली साथ ही ऐसे शहर के माहौल को बिगाडने वाले बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाही की मांग की। इस मामले में छात्रा की ओर से आमिर मेवाती, तारिक, राहिल, हमीद मेवाती, सददाम आदि के खिलाफ अपने साथ ले जाने का दबाव बनाने, छेडछाड करने तथा तेजाब से जला देने की धमकी देने की रिर्पोट दी है। जिस मामले में पुलिस ने दो युवको को डिटेन किया है तथा शेष आरोपियों की बाकी की तलाश शुरू की है।

## सेवा शिविर में मौके पर ही रामलाल गुर्जर को स्वीकृत हुई वृद्धावस्था पेंशन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सवाई माधोपुर जिले के बौंली उपखण्ड में ग्राम पंचायत लाखनपुर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर ने कई ग्रामीण परिवारों को राहत और नई उम्मीद दी। शिविर में 60 वर्षीय रामलाल गुर्जर की बुढ़ापे की चिंता का समाधान हुआ, जब आर्थिक तंगी और वृद्धावस्था की कठिनाइयों से जूझ रहे वृद्ध की सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृत की गई और जिला कलक्टर काना राम ने उन्हें पेंशन भुगतान आदेश सौंपा। रामलाल ने शिविर में उपखंड अधिकारी चंद्र प्रकाश वर्मा को प्रार्थना पत्र सौंपा था। उनकी पीड़ा सुनते ही उपखंड अधिकारी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शिविर प्रभारी शहबाज आलम शिर्वानी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। तत्परता दिखाते हुए विभागीय टीम ने तुरंत आवेदन प्रक्रिया पूरी कर पेंशन स्वीकृति सुनिश्चित की। जिला कलक्टर काना राम ने स्वयं रामलाल को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया। इस भावुक क्षण में रामलाल ने बताया कि उनके दो पुत्र अलग रहते हैं और जीवनयापन के साधन बहुत सीमित हैं। पेंशन स्वीकृत होने से अब उन्हें वृद्धावस्था में आर्थिक सहारा मिल गया है। खुशी से झूमते हुए रामलाल ने राज्य सरकार, जिला प्रशासन एवं विभागीय कार्मिकों का आभार जताया।

## भामाशाह ने अब तक किया 50 लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नवाचार भविष्य की उड़ान से प्रेरित होकर नींदड़दा निवासी रेलवे से सेवानिवृत वरिष्ठ वित्तीय सलाहकार शिवकरण मीणा शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

शिक्षा अधिकारियों की प्रेरणा से मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आर.ओ. एवं वॉटर कूलर लगवाने हेतु 35,000 का चैक शुक्रवार को जिला कलक्टर काना राम को सुपुर्द किया। इस दौरानएडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता, कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना तथा व्याख्याता वेद प्रकाश गुप्ता उपस्थित रहे। एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि श्री मीणा द्वारा राजकीय विद्यालयों के भौतिक विकास हेतु कक्षा कक्ष निर्माण, कक्षा-कक्षों की मरम्मत, फर्नीचर, पेयजल, चार दिवारी निर्माण, जैसे महत्वपूर्ण कार्य करवाए है। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने बताया कि भामाशाह शिवकरण मीणा द्वारा अब तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नींदड़दा के भौतिक विकास तथा अन्य शैक्षिक विकास के कार्यों में लगभग 50 लाख की लागत से विद्यार्थियों हेतु कक्षा-कक्ष निर्माण, फर्नीचर, चारदिवारी, पेयजल व्यवस्था एवं विद्यालय मुख्य द्वार निर्माण, बालिका छात्रावास निर्माण में सहयोग सहित अनेक कार्य करवाए हैं।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कैंप में की मरीजों की जांच



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान कैम्प शनिवार को को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजबन टोंक में आयोजित किया गया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं शहरी सेवा शिविर के अन्तर्गत शनिवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजबन टोंक में डॉ. शैलेन्द्र चौधरी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसके तहत एनीमिया, टीबी, शुगर, बीपी, एवं गर्भवती महिलाओ की जाँच विशेषज्ञो द्वारा की गई। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रजबन टोंक चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. मोहम्मद सादिक ने स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की जानकारी दी।

ग्रामीणों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

## जिला कलक्टर सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीण सेवा शिविरों का किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला कलक्टर काना राम ने शनिवार को बौंली उपखण्ड की ग्राम पंचायत लाखनपुर, मित्रपुरा तहसील की ग्राम पंचायत बपूई, तहसील मलारना डूंगर की ग्राम पंचायत भाड़ौती में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। वहीं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने भाड़ौती एवं गंभीरा तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने चौथ का बरवाड़ा में डिडायच एवं सारसोप में आयोजित सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिविर में विभागीय स्टॉल्स का निरीक्षण कर किए जाने वाले कार्यो की जानकारी प्राप्त कर अधिकारियों को कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने शिविरों में संधारित रजिस्टरों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित नामांतरण, रास्ते से संबंधित प्रकरण, सहमति विभाजन, गिरदावरी एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने किसान गिरदावरी और केवाईसी जानकारी लेते हुए 50 प्रतिशत से कम किसान गिरदावरी वाले पटवारियों को कारण बताओं नोटस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियां को सरपंच, वार्ड पंच के साथ मंगलवार को प्री-कैम्प का आयोजन ग्रामीणों की समस्याओं समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें तथा राजकीय कार्यों में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करें।

जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान लाभार्थियों को मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना पॉलिसी वितरण, वृद्वावस्था पेंशन भुगतान आदेश सहित विभिन्न लाभ प्रदान किए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचें, अपनी समस्याओं का समाधान करवाएँ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों।इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बौंली चन्द्रप्रकाश वर्मा, उपखण्ड अधिकारी मलारना डूंगर संदीप कुमार बेरड़, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित संबंधित अधिकारी, कार्मिक, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की कार्रवाई

## फर्जी डिग्री से नौकरी करता रहा,रिटायरमेंट से 7 दिन पहले इस तरह आया पकड़ा में



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** विद्यार्थियों को सत्य और नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले एक शिक्षक खुद ही 'गुरुघंटाल' निकले हैं। टोंक जिले में कुछ इसी तरह का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक सरकारी शिक्षक पिछले 32 वर्षों से फर्जी बीएड डिग्री के सहारे नौकरी कर रहा था। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप की जांच में यह बड़ा खुलासा हुआ, जिसके बाद रिटायरमेंट से ठीक सात दिन पहले शिक्षक की नियुक्ति रद्द कर दी गई।

### फर्जी दस्तावेजों से चलता रहा 'गुरुजी' का खेल

मामला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, देवपुरा खजा में तैनात रहे शिक्षक कृष्ण चंद्र जेकवाल से जुड़ा है। जिन्होंने साल 1993 में तृतीय श्रेणी शिक्षक के पद पर नौकरी पाई थी। चौंकाने वाली बात यह है कि यह नौकरी उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय की कथित फर्जी बीएड डिग्री और मार्कशीट के आधार पर हासिल की थी। लंबे समय तक शिक्षा विभाग को गुमराह करने का यह खेल तब उजागर हुआ, जब स्ह्रत्र को मिली एक शिकायत के आधार पर जेकवाल की डिग्री की जांच कराई गई। जांच में पता चला कि जिस डिग्री के दम पर वह 32 साल तक सरकारी वेतन लेते रहे, वह पूरी तरह से फर्जी थी और लखनऊ विश्वविद्यालय ने उसे जारी करने से इनकार कर दिया!

### रिटायरमेंट से 7 दिन पहले हुई कार्रवाई

इस मामले का खुलासा तब हुआ जब शिक्षक जेकवाल की सेवानिवृत्ति में कुछ ही दिन बाकी थे। जांच के लिए उन्हें दो बार व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपना पक्ष रखने का समय दिया गया, लेकिन उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए दोनों बार आने से मना कर दिया। एसओजी की रिपोर्ट मिलने के बाद, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) परशुराम धानका ने तुरंत कार्रवाई की। सीईओ धानका ने इसी महीने रिटायरमेंट होने वाले कृष्ण चंद्र जेकवाल की 1993 में हुई नियुक्ति को रद्द करने का आदेश जारी कर दिया। यह कार्रवाई उनकी रिटायरमेंट से महज सात दिन पहले हुई है।

## कांग्रेस में अल्पसंख्यको को मिलेगी तवज्जो, जिले में अल्पसंख्यक वोट अधिकः हमीद खोखर

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी अब्दुल हमीद खोखर ने कहा कि टोंक जिले में अल्पसंख्यक कांग्रेस को अधिक सशक्त और मजबूत बनाया जाएगा इसके लिए कांग्रेस संगठन सर्जन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस के अल्पसंख्यक वोट अधिक है ताकि ये वोट कांग्रेस को मिल सकें।



कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के जिला प्रभारी अब्दुल हमीद खोखर ने शनिवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा की अध्यक्षता में कांग्रेस आयोजित कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग टोंक की बैठक में बोलते हुए कहा कि बूथ से जिला स्तर तक की इकाई में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में नए लोगों को नियुक्तियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जाएगी ताकि कांग्रेस अल्पसंख्यक मजबूत हो सकें। कांग्रेस अल्पसंख्यक जिला प्रभारी खोखर ने अल्पसंख्यक नेताओं से बंद कमरे में अलग-अलग बातचीत की साथ ही लोगों की बातें पूरे ध्यान से सुनी तथा प्रदेश और राष्ट्रीय आला कमान तक उनका मैसेज पहुंचाने का आश्वासन दिया।

बैठक में पीसीसी सदस्य प्रदेश सचिव माया सुवालका संगठन महासचिव दिनेश चैरासिया जिला उपाध्यक्ष महमूद शाह, सलीमुद्दीन खान, सलीम नकवी,सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक,जिला कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया प्रभारी जर्रार खॉन, इंटक जिलाध्यक्ष रशीद अहमद, युसूफ इंजीनियर, टोडा ब्लॉक अध्यक्ष एम इस्लाम, अहसान बाबा ,इम्तियाज खान ,बरकात हसीन आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

दहेज में घरेलू सामान के साथ एक भूखंड देने का लालच देकर कर रहा था ठगी

## फर्जी सामूहिक विवाह संस्था का संचालक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करवाने के नाम पर फर्जी ऑफिस खोलकर आमजन को भ्रमित करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी दहेज में शादी में घरेलू सामान व एक भूखंड देने का लालच देकर बुकिंग कर रहा था। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पोरुष कुमार पुत्र दुर्गा लाल बैरवा निवासी रूपाली का बेड़ा काली पलटन टोंक, हाल फूटी बावड़ी मरमटों का मोहल्ला निवाई ने मामला दर्ज करवाया है कि श्री मानव कल्याण सामाजिक सेवा संस्थान पटेल रोड के सामने निवाई के नाम से फर्जी संस्थान द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन के नाम से फर्जी रजिस्ट्रेशन किया। आरोपी ने वर पक्ष से 85 हजार 500 रूपए व वधु पक्ष से 81 हजार 500 रूपए प्राप्त कर दहेज का घरेलू सामान व 100 वर्ग गज का भूखंड भगवानपुरा, झिलाई में देने का प्रलोभन दिया। इस पर पीडित से आरोपी



ने 35 हजार 500 रुपए की राशि ले ली और निवाई गृह निर्माण सहकारी समिति निवाई का फर्जी पट्टा दे दिया। परिवादी ने पट्टे में वर्णित जमीन देने को कहा। लेकिन आरोपी ने जमीन उपलब्ध नहीं करवाई। पुलिस ने प्रकरण का खुलासा करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें थानाधिकारी रामजीलाल के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह,कानि.कप्तान राधाकृष्ण,चेतन कुमार, राजेश व शंकर लाल को शामिल किया गया है। टीम ने आरोपी मानव कल्याण सामाजिक सेवा संस्थान के संचालक नेमीचंद पुत्र शंकर लाल गुर्जर निवासी हरिपुरा उर्फ सरीमा थाना निवाई को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि आरोपी ने एक ऑफिस खोल रखा है। जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन का बैनर लगा रखा है। इसके अलावा पंपलेट छपवा रखे हैं जिन पर फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर भी लगवा रखा है। जबकि उक्त संस्था का किसी प्रकार का कोई पंजीकरण नहीं है।

## नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव शीतलेश्वर हनुमान मंदिर पर डांडिया एवं गरबा का हुआ आयोजन

**बढ़ता राजस्थान हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव शीतलेश्वर पर कुष्मांडा माता का स्वरूप नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव शीतलेश्वर हिंडौन की ओर से नवदुर्गा का आयोजन शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शनिवार को माता के दरबार मे डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया गया जिसमें भक्तजन ने जमकर नृत्य किया कार्यक्रम में पांचवें दिन कूष्मांडा माता का स्वरूप रहा इस बार नवरात्रा 10 दिन तक रहेगा 1 अक्टूबर तक नवरात्रि का आयोजन चलेगा नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव समिति के व संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने बताया कि शीतेलेश्वर हनुमान मंदिर पर 23 बा नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव मनाया जा रहा है आज नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव के पांचवें दिन दिन कूष्मांडा माता का स्वरूप रहा शाम को 7.30 बजे हुई आरती मे पंडित वैभव आचार्य और उपाचार्य उमाकांत चतुर्वेदी ने पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना करके आरती शुरू की जिसमें सायं आरती के बाद माता जी के भजनों पर भक्त जन और मातृ शक्तियां थिररकते नजर आई और भक्तजनों ने जमकर नृत्य किया तथा महाआरती मै सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्ति और भक्तजन उपस्थित रहे तथा डांडिया एवं गरबा का आयोजन किया।

## अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट उदयपुर ने आयोजित किया नेत्र चिकित्सा शिविर



**बढ़ता राजस्थान उदयपुर (नि.स.)।** विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट, उदयपुर ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार के अंतर्गत एक नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन उदयपुर और राजसमंद के विभिन्न स्थानों जैसे बेड़वास, देलवाड़ा, केलवाड़ा और सिशवी में किया गया। इस शिविर में कुल 400 महिलाओं की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 57 महिलाओं को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए ताकि उनकी दृष्टि को बेहतर बनाने में मदद मिल सके। शिविर का संचालन अभय रैना और प्रशांत आमेटा ने किया। अलख नयन मंदिर आई इंस्टीट्यूट की नेत्र विशेषज्ञ टीम ने महिलाओं की आंखों की जांच और मार्गदर्शन में सक्रिय भागीदारी निभाई। संस्थान प्रमुख श्रीमती मीनाक्षी चूंडावत (एग्जीक्यूटिव ट्रस्टी) ने बताया कि यह पहल महिलाओं को उनकी आंखों की सेहत के प्रति जागरूक करने और नियमित नेत्र परीक्षण की आवश्यकता समझाने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाएं घर और परिवार की देखभाल में अपने स्वास्थ्य की अनदेखी कर देती हैं। इस शिविर के माध्यम से महिलाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन और स्वास्थ्य पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम नारी सशक्तिकरण और दृष्टि स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## भिनाय में दशहरा पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा

**बढ़ता राजस्थान अजमेर (घनश्याम दास)।** भिनाय कस्बे में श्री सनातन धर्म मण्डल के तत्वावधान में इस वर्ष दशहरा पर्व 2 अक्टूबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मण्डल अध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने बताया कि इस बार 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ कुम्भकरण और मेघनाथ के पुतले भी जलाए जाएंगे। दशहरा से पहले कस्बे में भगवान राम की शौभायात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा हनुमान जी द्वारा सीता की खोज और लंका दहन का भव्य मंचन भी किया जाएगा। मेले की तैयारियों के तहत कलाकारों द्वारा पुतलों का निर्माण जोर-शोर से चल रहा है। आयोजन में स्थानीय लोग बड़े उत्साह के साथ भाग लेंगे और यह पर्व भिनाय में सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा।

## अजमेर जिले के एकलसिंगा में बीड़ के बालाजी का मेला 2 अक्टूबर को भरेगा

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय उपखंड के निकटवर्ती ग्राम एकलसिंगा में बीड़ के बालाजी का मेला 2 अक्टूबर 2025, गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। मेला की पूर्व संध्या 1 अक्टूबर 2025, बुधवार को मंदिर प्रांगण में कलाकारों द्वारा सुंदरकांड पाठ की भव्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। अगले दिन यानी 2 अक्टूबर की सुबह से ही मेला शुरू होगा। मेले में आसपास के ग्राम गोपालपुर, सिंगावल, एकलसिंगा, ढाणी, हियालिया, बनेडिया, बालापुरा, चावंडिया माताजी का खेड़ा आदि से श्रद्धालु झंडे और बिंदोरियां लेकर बालाजी के मंदिर में पहुंचेंगे और बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना करेंगे। तत्पश्चात सभी श्रद्धालु मेले में लगे झूले, चकरी, मिठाइयां, समोसे और पकौड़ी का भरपूर आनंद उठाएंगे। यह मेला स्थानीय सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव के रूप में श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## अजमेर के केकड़ी राजकीय जिला चिकित्सालय में हंगामा

**बढ़ता राजस्थान अजमेर (घनश्याम दास)।** 27 सितंबर को राजकीय जिला चिकित्सालय केकड़ी में शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब लल्लाई निवासी महिला सुमित्रा धाकड़ के परिजनों ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रीति निमेडिया पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि 1 सितंबर को भर्ती हुई सुमित्रा धाकड़ का सिजेरियन ऑपरेशन डॉ. प्रीति निमेडिया ने किया, जिसके बाद मरीज का मलद्वार बंद हो गया। सात दिन तक अस्पताल में रखने के बाद भी रेफर नहीं किया गया। परिजनों का कहना है कि जबरन दबाव बनाने पर ही अजमेर जेएलएन अस्पताल रेफर किया गया, वहां से जयपुर एसएमएस अस्पताल और बाद में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज पर 11 लाख रुपये खर्च करने के बावजूद मरीज की हालत गंभीर बनी हुई है। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि डॉ. प्रीति निमेडिया ने ऑपरेशन से पहले घर पर ?20,000 रिश्वत ली थी।

# बलिदान के बूते वर्षों से अक्षुण्ण है भारतीय लोकतंत्र

बढ़ता राजस्थान





**सिरोही(नि.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शनिवार को आबूरोड के ब्रह्माकुमारी संस्थान में नेशनल मीडिया कांफ्रेंस का आगाज करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। मीडिया विश्वास, एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम है। कहा कि भारतीय लोकतंत्र कई बरसों से अक्षुण्ण है इसका कारण भारत के कई लोगों का बलिदान है जिन्होंने समय समय पर इस देश की संस्कृति, एकता और लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखने के लिए कार्य किए हैं।

**हमारी संस्कृति लगातार फलीभूत होती रही**

राज्यपाल ने कहा कि हजार वर्षों से ज्यादा समय तक हमारी संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश की गई है। मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भी संस्कृति को क्षति पहुंचाने की कोशिश की। विश्व में जब कुल छह विश्वविद्यालय थे, उस समय हमारे पास नालंदा और तक्षशिला जैसे दो विशाल विश्वविद्यालय थे। विभिन्न आक्रांताओं के कुत्सित प्रयासों के बाद भी हमारी संस्कृति नष्ट नहीं हुई, बल्कि तेजी से बढ़ रही है। हमारे यहां कई योगी व महात्मा हुए हैं। हम सर्वधर्म को मानने वाले है इसलिए हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया।

**शांति के लिए कार्य करने का आह्वान**

उन्होंने कहा कि सभी लोग राष्ट्रहित व शांति के लिए कार्य करें, यह बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मीडिया का हर माध्यम आज के समय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। राज्यपाल ने बताया कि हमारा देश विश्व में कई क्षेत्रों में अग्रणी है तथा सामूहिक प्रयासों के कारण आगे प्रगतिरत भी है। उन्होंने पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी को स्मृति स्तंभ पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही बीके मोहिनी दीदी को इंटरनेशनल बुक ऑफ ऑनर प्रदान किया।

सांसद लुम्बाराम चौधरी, विधायक समाराम गरासिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल का गर्मजोशी से स्वागत किया। दो दिवसीय प्रवास के बाद राज्यपाल शनिवार को यहां से प्रस्थान कर गए। इस दौरान मानपुर हवाई पट्टी पर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, उपखंड अधिकारी अंशुप्रिया मौजूद रहे।

## वीआईपी मेहमान ने की वीआईपी स्कूल की विजिट

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े आबूरोड के समीप एक वीआईपी स्कूल भी गए। यहां भारजा स्थित निजी स्कूल में उन्होंने यहां विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन का पाठ पढ़ाया।

राज्यपाल ने बच्चों को ध्यान लगाकर पढऩे एवं लक्ष्य के साथ मेहनत करने की बात कही। बच्चों को जीवन में अनुशासन रखने, खाना जूठा न छोडऩे, सदैव सत्य बोलने एवं हमेशा आगे बढऩे के लिए प्रयासरत रहने की बात कही। बच्चों को उत्तम दिनचर्या और सद्गुणों के माध्यम से एक आदर्श व्यक्ति बनने की प्रेरणा दी। इस दौरान जिला कलक्टर अल्पा चौधरी, पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान, उपखंड अधिकारी अंशुप्रिया आदि मौजूद रहे।



**दिखाना चाहिए था ठेठ आदिवासी स्कूल**

हालांकि स्कूल कोई भी हो, विद्यार्थी आखिर विद्यार्थी ही होते हैं, लेकिन राज्यपाल जिस आदिवासी क्षेत्र में विजिट पर थे, वहां प्रशासन की ओर से उन्हें किसी ठेठ आदिवासी क्षेत्र का स्कूल भी दिखाया जा सकता था। ग्रामीण व खासकर आदिवासी क्षेत्र की स्कूलों में कई कमियां हैं, जो राज्यपाल की नजरों में आ सकती थी।

## डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का पावटा में भव्य स्वागत, क्षेत्रीय विकास परियोजनाओं के उद्घाटन पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा का पावटा कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला और साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि डिप्टी सीएम बैरवा जिले के बहरोड़ क्षेत्र में लगभग 15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और उद्घाटन करने पहुंचे थे। उनके आगमन को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया।



स्वागत के बाद डिप्टी सीएम विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ के आवास भांकरी भी पहुंचे, जहां विधायक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मान और माला-साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकता है, और इसके लिए जनता के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और विकास में योगदान दें। विधायक कुलदीप धनकड़ ने डिप्टी सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र में पीएम नरेंद्र मोदी और प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा के प्रयासों से क्षेत्र की जनता को निरंतर नई सुविधाएं मिल रही हैं।

इस दौरान राजस्थान बीज निगम के डायरेक्टर जगदीश यादव, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, पूर्व चेयरमैन सुरेश गठाला, पूर्व सरपंच जगन चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मुखराम धनखड़, जयपुर जिला देहात एससी मोर्चा से बद्री प्रसाद चौहान, प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह, जिला मिडिया प्रभारी राजेश शर्मा, सेवानिवृत्त प्रिंसिपल शम्भू दयाल गढ़वाल, उद्योग प्रकोष्ठ जिला संयोजक रोहिताश ताखर, सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी, समाजसेवी भवानी शंकर अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव

## कूष्मांडा माता के दरबार में गरबा-डांडिया का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिण्डौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव के पांचवें दिन शनिवार को शीतलेश्वर हनुमान मंदिर में कूष्मांडा माता के स्वरूप का भव्य आयोजन किया गया। शाम को 7.30 बजे आरती के साथ मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया।



पंडित वैभव आचार्य और उपाचार्य उमाकांत चतुर्वेदी ने विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना कर आरती की शुरुआत की। आरती एवं भजन के समय भक्तजन और मातृ शक्तियां उत्साहपूर्वक नृत्य करते नजर आए। इस अवसर पर डांडिया और गरबा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तगण ने भाग लिया और मातृ शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

महोत्सव में प्रमुख रूप से शामिल रहे अध्यक्ष कल्ला चोट मुरादा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृज मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्र भान चोट मुरादा, कोषाध्यक्ष थारी लाल अरोड़ा, संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका, पंडित वैभव आचार्य, उपाचार्य उमाकांत चतुर्वेदी, दिनेश आचार्य, पंडित बाल कृष्ण शर्मा, लाखन बेनीवाल, विष्णु बेनीवाल, नरेंद्र बेनीवाल, छोटू बेनीवाल, मुख्य जीजमान विजय मंगल, सुनीता देवी, पिंकी शर्मा, तपस्या शर्मा, पूजा अग्रवाल, आशा अरोड़ा, सुशीला अरोड़ा और रामेश्वर मुंशी।

कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्रि दुर्गा पूजा महोत्सव समिति के अध्यक्ष कल्ला चोट मुरादा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृज मोहन शर्मा और संयोजक एडवोकेट लक्ष्मण गोयनका ने भक्तगणों और मातृ शक्तियों से अपील की कि वे शाम की आरती में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर मां भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## एसएचओ दयाराम ने प्रागपुरा थाने का पदभार संभाला, कानून व्यवस्था बनाए रखने की होगी जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** शनिवार को एसएचओ दयाराम ने प्रागपुरा थाने का पदभार ग्रहण कर लिया। इससे पहले वह नीमराना में अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनकी नियुक्ति के साथ ही प्रागपुरा थाने में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश ने लेन ड्राइव अभियान के दौरान लापरवाही बरतने के मामले में शुक्रवार को प्रागपुरा थाना



प्रभारी किरण सिंह यादव को लाइन हाजिर किया था और उन्हें जिला कोटपूतली-बहरोड़ में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था। इसी निर्णय के बाद अब दयाराम को प्रागपुरा थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एसएचओ दयाराम अब थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। पुलिस विभाग में इस बदलाव से प्रागपुरा थाने में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होने की उम्मीद है। उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से थाने की कार्यप्रणाली में सुधार होने की संभावना जताई जा रही है।

## सरकारी स्कूलों के लिए आधुनिक कक्षाओं के निर्माण हेतु होगा फंड रेजिंग कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** राउंड टेबल इंडिया उदयपुर द्वारा रविवार को रानी रोड स्थित मेंशन बैंक्वेट बाई रेडिसन में भव्य परोपकारी कार्यक्रम 'नीऑन रात्री 4.0' गरबा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम से प्राप्त राशि का उपयोग सरकारी विद्यालयों में आधुनिक कक्षाओं के निर्माण के लिए किया जाएगा। राउंड टेबल इंडिया के चेयरमैन साहिल नवलखा ने बताया कि यह एक चैरिटेबल फंड रेजिंग कार्यक्रम है और उदयपुर में अपने तरह का अद्वितीय आयोजन होगा।

# जे एस जी गैलेक्सी ने आयोजित किया पारिवारिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** जेएसजी गैलेक्सी ग्रुप ने अपने सदस्यों के लिए नेहरू पार्क, फतहसागर में एक विशेष पारिवारिक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 150 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की और पुनर्निर्मित नेहरू पार्क की सुंदर हरियाली और वातावरण का आनंद लिया।

जेएसजीआईएफ के चेयरमैन अरुण मांडोत और इलेक्ट प्रेसिडेंट पारस ढेलावत इस आयोजन के विशेष अतिथि रहे। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष अशोक शाह ने बताया कि नेहरू पार्क का हरित वातावरण और फतहसागर की प्राकृतिक सुंदरता ने इस आयोजन को और भी आकर्षक बना दिया।

यह कार्यक्रम न केवल फैमिली सदस्यों के लिए मनोरंजन और मिलन का अवसर था, बल्कि उनके बीच आपसी समन्वय और आत्मिक बंधनों को मजबूत करने का भी माध्यम बना। जेएसजी गैलेक्सी टीम ने इस आयोजन के जरिए अपने सदस्यों के प्रति प्रतिबद्धता और सम्मान का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत ग्रुप अध्यक्ष अशोक शाह और आभार महामंत्री राजकुमार भोरावत ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य मदन देवड़ा, प्रवीण कोठारी, महावीर सिंघवी, राजराजेश्वर जैन, योगेश जैन, नरेंद्र भोपावत, मनीष सोनी, हेमंत शाह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

यह आयोजन जेएसजी गैलेक्सी परिवार के सदस्यों के लिए एक यादगार और सुखद अनुभव साबित हुआ।



## दुर्गा अष्टमी पर कंकाली माता को ओढ़ाई जाएगी 151 मीटर लंबी चुनर



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर नैनवां शहर में कंकाली माता को 151 मीटर लंबी चुनर ओढ़ाई जाएगी। इस भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन समिति ने तीसरी चुनर यात्रा का पोस्टर विमोचन कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष सीताराम खानपुरा ने बताया कि 30 सितम्बर को बिजासन माता मंदिर परिसर में धर्मसभा होगी, जिसमें दुर्गा वाहिनी की पूर्व राष्ट्रीय संयोजिका एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की केंद्रीय मंत्री माला रावल मुख्य वक्ता होंगी।

धर्मसभा के बाद चुनर यात्रा प्रारंभ होगी, जो देई पोल चुंगी नाका, भगत सिंह सर्किल, गढ़ पोल दरवाजा और मैन मार्केट से होकर कंकाली माता मंदिर पहुंचेगी। वहां देवी को 151 मीटर लंबी चुनर अर्पित की जाएगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला परिषद नगर अध्यक्ष एवं चुनर यात्रा संयोजिका बीना सैनी, सहसंयोजिका रेखा साहू, मंजू गौड़, समिति संयोजक राकेश पोटर, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद संभाग संगठन मंत्री बालकृष्ण गुर्जर, तहसील अध्यक्ष छोटू लाल नागर, कोषाध्यक्ष महावीर सेन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब के दीदार को उमड़ा बोहरा समाज



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना आली क़दर मुफद्दल सैफुद्दीन साहेब के दीदार के लिए शुक्रवार रात चौमहला रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। धर्मगुरु जयपुर-मुंबई सुपरफास्ट ट्रेन से मुंबई की ओर प्रस्थान कर रहे थे। उनके लिए ट्रेन में विशेष रूप से अंतिम कोच लगाया गया था। इसी कोच की बड़ी खिडक़ी से उन्होंने समाजजनों को दर्शन दिए। ट्रेन के आगमन से पहले ही चौमहला, डग और गंगधार क्षेत्र से बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं स्टेशन पर पहुंच गए थे। जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर रुकी, मौला-मौला के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर दाऊदी बोहरा समाज चौमहला के सदर सादिक अली, गंगधार सदर हुसैनी भाई, मकसूद अली बोहरा, गुलजार अली, अकबर अली, अजगर अली, सैफुद्दीन बोहरा, कुतुब अली, मोम्मदी बोहरा, फखरी बोहरा, आबिद अली बोहरा सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

### 'स्वच्छता का संकल्प' साइकिल संग ब्यावर की ओर

## नारे, तख्तियाँ और जनजागरूकता-स्वच्छता की राह पर डाक विभाग




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शनिवार ब्यावर प्रधान डाकघर से स्वच्छता साइकिल रैली का शुभारंभ किया गया। यह रैली पोस्टल कॉलोनी, नेहरू नगर तक निकाली गई, जिसका उद्देश्य समाज में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा।रैली की शुरुआत ब्यावर प्रधान डाकघर से हुई और समापन पोस्टल कॉलोनी, नेहरू नगर, ब्यावर में हुआ। इस दौरान डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्रतिभागियों ने हाथों में स्वच्छता संबंधी तख्तियां थाम रखीं और नारे लगाकर नगरवासियों को संदेश दिया स्वच्छता अपनाएँ, स्वस्थ जीवन पाएँ। कार्यक्रम के दौरान फोटो व वीडियो संकलित किए गए जिन्हें प्रिंट और सोशल मीडिया पर साझा कर अधिकाधिक जनजागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया इस अवसर पर अधीक्षक डाकघर ब्यावर मंडल के कमलेश प्रजापत ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जीवन की आवश्यकता है। ब्यावर प्रधान डाकघर द्वारा आयोजित इस रैली का मुख्य उद्देश्य था लोगों को स्वच्छता के महत्व का एहसास कराना और नगर को स्वच्छता की नई राह पर अग्रसर करना।

## सौभाग्य मुनि के पुण्य स्मृति दिवस पर आज गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** सौभाग्य मुनि म.सा. के पुण्य स्मृति दिवस पर आज 28 सितंबर रविवार को गुणानुवाद सभा का आयोजन किया जायेगा। जानकारी अनुसार श्रमण संघीय महामंत्री सौभाग्य मुनि म.सा. तथा कुमुद के पांच पुण्य स्मृति दिवस 28 सितंबर रविवार को सुबह 9 बजे वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के तत्वावधान में कपासन नगर में स्थित अंबेश भवन मे विराजित शासन प्रभाविका कंचन कुंवर म.सा. ठाणा 3 के सानिध्य में गुणानुवाद सभा एवं एकासन तप का आयोजन किया जायेगा।जिसमें लाभार्थी परिवार चंदनबाला महिला मंडल रहेगा। इधर श्रमण संघ कपासन के अध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि चार्तुमासिक आयोजन के तहत नवपद ओली आराधना 29 सितंबर से प्रारंभ होकर 7 अक्टूबर संचालित होगी।साथ ही 5 अक्टूबर को श्रमण युवाचार्य महेन्द्र ॠषि म.सा. की जन्म जयंती मनाई जायेगी।उत्तराध्ययन श्रुत की आराधना 5 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी।

### ऊर्जा प्रसाद अवंतिका ओझा एवं आलिया कायमखानी रहे व्यक्तिगत चैंपियन

# स्वामी विवेकानंद तरणताल के तैराकों ने जीते 44 पदक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** स्वामी विवेकानंद तरणताल पर नियमित अभ्यासरत तैराकों ने जिला स्तरीय 14 वर्ष एवं 17 वर्ष स्कूली तैराकी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 44 पदक जीते। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र भीलवाड़ा द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद तरणताल वर्तमान में तैराकी प्रशिक्षण का जिले का महत्वपूर्ण केंद्र बन कर उभर रहा है। यहां 5-6 साल के बच्चों से लेकर बड़े बच्चों तक सभी प्रकार के तैराक नियमित अभ्यास कर रहे हैं।

यहां के बच्चों ने अभी हाल ही में शाहपुरा में संपन्न हुई जिला स्तरीय स्कूली तैराकी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी। 14 वर्ष बालिका वर्ग में अवंतिका ओझा एवं ऊर्जा प्रसाद ने एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में आलिया कायमखानी ने तीन तीन स्वर्ण पदक जीतकर व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। बालक वर्ग 14 वर्ष में आफताब कायमखानी ने 200 मी व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण एवं 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक, वैभव माली ने 100 एवं 200 मी बैक स्ट्रोक में स्वर्ण पदक एवं 200 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक, देवराज माली ने 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले, 100 मीटर बटरफ्लाई में रजत पदक एवं 100 मी फ्रीस्टाइल में कांस्य पदक जीता।



इसी प्रकार बालिका वर्ग 14 वर्ष में ऊर्जा प्रसाद ने 100, 200 मीटर फ्री स्टाइल एवं 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में स्वर्ण पदक, अवंतिका ओझा ने 100, 200 मीटर बटरफ्लाई एवं 50 मी फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक, खुशी बैरवा ने 50, 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक एवं 200 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में कांस्य पदक जीता।

17 वर्ष बालक वर्ग में शुभम गांछा ने 100, 200 मी फ्रीस्टाइल में स्वर्ण एवं 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में रजत पदक, शिवदेव सिंह राणावत ने 100, 200 मी ब्रेस्ट स्ट्रोक में स्वर्ण एवं 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक, विजय गुर्जर ने 50 मीटर बटरफ्लाई, 400 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण एवं 50 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक, दीपक मीणा ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक एवं 400 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक, श्रीयांश शर्मा ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में रजत पदक, अनिकेत सेन ने 800 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक 100 एवं 200 मी बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक जीते। इसी प्रकार 17 वर्ष बालिका वर्ग में आलिया कायमखानी ने 200, 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले एवं 200 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण पदक, अदिति खोईवाल ने 50 मी बैक स्ट्रोक एवं 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण एवं 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक, प्रीति माली ने 400 मीटर फ्री स्टाइल एवं 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत एवं 50 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक , निहारिका राठौड़ ने 200 मी बैक स्ट्रोक में रजत एवं 100 मी बैक स्ट्रोक में कांस्य पदक, आलिया खान ने 200 मीटर फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता।

## दशहरा मेला 2025 के अंतर्गत आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का खेलप्रेमी उठा रहे हैं लुत्फ

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर पालिका मंडल कपासन द्वारा आयोजित दशहरा मेला 2025 के अंतर्गत क्रिकेट,वॉलीबॉल,कबड्डी,चम्मच व दौड़ रेस,शतरंज इत्यादि खेलकूद प्रतियोगिताओं का प्रतिवर्ष की भांति आयोजन किया गया।जिसका खेलप्रेमियों सहित क्षेत्रीय युवा वर्ग द्वारा लुत्फ उठाया जा रहा है।



नगर पालिका कपासन द्वारा आयोजित दशहरा मेला 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत शुक्रवार को वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।जिसमें वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दशहरा मेला 2025 कमेटी की अध्यक्ष एवं नगर पालिका पार्षद पुष्पा वैष्णव, जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंद किशोर टेलर,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,पार्षद अशोक विजयवर्गीय,मुकेश पलोड़,पार्षद प्रतिनिधि दिनेश सोनी,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी आदि गणमान्यजनों के मुख्य आतिथ्य में शुभारम्भ किया गया।उक्त वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में सेवानिवृत वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक गोपाल कोदली,सतीश कोदली,नारायण जाट,प्रकाश लोहार,सत्यनारायण जोशी,बद्रीलाल जोशी,रमेश सिंह,डूंगर सिंह,मेहबूब खां,कैलाश सोनवाल,कैलाश जाट,मांगीलाल नायक, मुकेश गौर आदि सेवाएं दी जा रही है।

इधर नगर पालिका उपाध्यक्ष सैयद एजाज अली ने बताया कि दशहरा मेला 2025 के तहत शुक्रवार को क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ मेला कमेटी अध्यक्ष पुष्पा वैष्णव की अध्यक्षता व जीएसएस कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर की उपस्थिति में किया गया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रूप में पूर्व नगर पालिका कपासन अध्यक्ष गजेंद्र बाघमार उपस्थित रहे। इस मौके पर दशहर मेला कमेटी अध्यक्ष एवं नगर पालिका कपासन पार्षद पुष्पा वैष्णव द्वारा खिलाडियों को खेल को खेल की भावना से खेलने हेतु प्रेरित करते हुवे प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी आशीष सोनी, पार्षद अशोक विजयवर्गीय,पार्षद प्रतिनिधि दिनेश सोनी,भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागड़ा, मनीष बारेगामा,नगर कपासन पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर सहित पालिका कार्मिक एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

## मंदसौर में हुई घटना के विरोध में मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** आम मुसलमान अंजुमन कमेटी के सदर अशफाक हुसैन तुर्कीया एवं मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल द्वारा शनिवार को उपखंड कार्यालय कपासन पहुंचकर मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम तहसीलदार कपासन मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा को ज्ञापन सौंपा गया। अंजुमन कमेटी प्रवक्ता गुड्डू खान ने बताया कि विगत दिनों मुल्तानपुरा मंदसौर निवासी शेरू पिता बाबू सुसाडिया अपने साथी मौसीन डॉल जो कि दिनांक 16 सितंबर 2025 को भीलवाड़ा जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र के रायला पशु मेले में पशु खरीददारी करके घर लौट रहा था।उसके पास मेला रशीद थी।उसी रात्रि करीब 3 बजे देवा गुर्जर,कुणाल मालपुर,प्रदीप राजपुरोहित, नितेश शायनी ओर उनके अन्य साथियों द्वारा रास्ता रोककर शेरू को बुरी तरह पीटकर जान से मार दिया गया। इंसानियत को शर्मसार करने वाली उक्त घटना को लेकर अंजुमन कमेटी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा क्षेत्रीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे मृतक के परिवार को सरकारी आर्थिक सहायता एवं मुल्जिमों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की गयी है। इस ज्ञापन प्रक्रिया के दौरान अंजुमन सेक्रेटरी सैयद असलम अली,एडवोकेट मोहम्मद अब्बास नीलगर, अनीस शेख,अयान शेख नादिर खान आदि मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## युवा वैद्याचार्य डॉ. योगेश गर्ग का वर्द्धमान परिवार ने किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** आयुर्वेद विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणालियों में से एक है। प्राचीन काल में उपचार का आधार रही यह पद्धति आज के आधुनिक युग में पुनः विश्वास और रुझान अर्जित कर रही है। यह कहना है युवा वैद्याचार्य डॉ. योगेश गर्ग का, जिन्होंने बेहद कम उम्र में प्रदेश स्तरीय पहचान बनाई है।शनिवार को वर्द्धमान कैंपस में उनके आगमन पर श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेंद्र पारख एवं समिति के प्रमुख सदस्यों ने माला, उपरणा एवं बुके भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर समिति के प्रबंधकारिणी सदस्य दीपचंद कोठारी, उत्तमचंद देरासरिया, विशाल नाहटा (चेन्नई), वैभव सकलेचा, पीआरओ बबलू अग्रवाल, कार्यालय प्रबंधिका नेहा जैन, खुशी भाटी, ईशान सांखला एवं राहुल मौर्य मौजूद रहे।आगामी दिनों में समिति द्वारा बालिकाओं एवं युवतियों के लिए आयुर्वेद पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। वहीं पुष्य नक्षत्र के पावन दिवस पर वर्द्धमान रूट्स के चयनित छोटे बच्चों को अमृत मानी जाने वाली आयुर्वेदिक औषधि का निःशुल्क आचमन करवाया जाएगा।



## राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी चरम पर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** राज्य स्तरीय छात्र फुटबॉल प्रतियोगिता (17 एवं 19 वर्ष) का आयोजन आगामी 29 सितंबर से 5 अक्टूबर तक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास में होगा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु आज व्यवस्थार्थ नियुक्त शारीरिक शिक्षकों की मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें प्रधानाचार्य महेश कुमार औलानिया एवं जिला खेल प्रभारी माध्यमिक शिक्षा ब्यावर गोविंद लाल सैनी ने सभी शारीरिक शिक्षकों से मैदान निर्माण, प्राथमिक उपचार किट, मानवीय एवं भौतिक संसाधनों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु कहा।साथ ही प्रतियोगिता के उद्घाटन एवं समापन समारोह हेतु मार्च पास्ट, ध्वज व्यवस्था, मंच व्यवस्था, मैदान स्वच्छता, खिलाड़ी सुरक्षा की भी समीक्षा की गई।

### जिला कलेक्टर बोले- प्रदर्शनी विपणन और प्रोत्साहन का एक सशक्त मंच

# सेवा पखवाड़ा अंतर्गत उद्योग एवं खादी प्रदर्शनी-2025 का भव्य शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, भीलवाड़ा के तत्वावधान में शुक्रवार को उद्योग एवं खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन जिला कलेक्टर जस्मीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव और वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं मोली बंधन खोलकर किया।





इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों के लिए विपणन और प्रोत्साहन का एक सशक्त मंच है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने उद्यमियों से संवाद कर उनके उत्पादों की बारीकियां जानी। मेवाड़ा ने कहा कि यह आयोजन न केवल स्थानीय उद्योग और व्यवसाय को बढ़ावा देगा बल्कि लोगों को स्वरोजगार और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराएगा।

प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग से जुड़े खेस, चद्दर, तौलिए, बेडशीट, जैकेट और कुर्तियां विशेष आकर्षण का केंद्र बने। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत भीलवाड़ा के टेक्सटाइल उत्पादों को प्रमुखता दी गई। बीएसएल, संगम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, क्रिस्टल, जस्टफैब प्राइवेट लिमिटेड और शुभलक्ष्मी सिंटेक्स जैसे संस्थानों के एक्सपोर्ट क्वालिटी उत्पादों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। बुनकर जगदीश सोनी के हस्तनिर्मित उत्पादों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए साबुन, आचार, भगवान के वस्त्र, बैग व अन्य हस्तशिल्प वस्तुओं की भी सराहना हुई।

बैंक ऑफ बड़ौदा और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने वित्तीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी दी, वहीं चिकित्सा विभाग ने निःशुल्क बीपी व डायबिटीज जांच और परामर्श उपलब्ध कराया। प्रदर्शनी के दौरान अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लिए "डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना" का शिविर भी लगाया गया। साथ ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024, ओडीओपी नीति, निर्यात प्रोत्साहन, एमएसएमई नीति, टेक्सटाइल एवं अपैरल, डाटा सेंटर नीति, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना और भारत सरकार की पीएम रोजगार सृजन एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की जानकारी भी बैनरों, पोस्टरों व ब्रोशरों के माध्यम से दी गई।

उद्घाटन समारोह में लघु उद्योग भारती अध्यक्ष शंभु प्रसाद काबरा, रविंद्र जाजू, लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत के महेश हुरकट, टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन उपाध्यक्ष प्रेमस्वरूप गर्ग, मेवाड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज से एस.एस. राजावत, जिला लघु उद्योग संघ के राजकुमार पोखरना, रीको के वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक नैनावटी, एआरएम निशांत कुमावत, लघु उद्योग भारती महिला अध्यक्ष पल्लवी लढ़ा, सीए राकेश सोमानी, अमित कुमार सेठ, ईश्वर वैष्णव और जयपुर से आए निर्यात विशेषज्ञ सीए अतुल कुमार सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, उद्यमी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अजमेर के युवा कांग्रेस का उग्र हल्ला बोल प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,(मोहम्मद नज़ीर क़ादरी)।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, नारेली-बड़लिया चौहराह स्थित परिसर में प्राचार्य द्वारा लगातार विद्यार्थियों की सुरक्षा के प्रति लापरवाही, आए दिन कॉलेज की छात्राओं के साथ हो रही सुरक्षा को लेकर घोर लापरवाही के चलते अनैतिक घटनाएं घटित होती जा रही हे तथा विद्यार्थियों के हक के पैसों में किए जा रहे भ्रष्टाचार जैसे गंभीर अपराधों के विरोध में अजमेर युवा कांग्रेस द्वारा 27 सितम्बर, शनिवार को दोपहर 12 बजे जोरदार हल्ला बोल प्रदर्शन करते हुए मुख्य द्वार बंद कर के टायर और पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया गया ।



जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अजमेर, मोहित मल्होत्रा ने बताया कि यह आंदोलन विद्यार्थियों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा हेतु किया जा रहा है। जिस प्रकार से प्राचार्य द्वारा लगातार अनदेखी और भ्रष्टाचारपूर्ण कार्यशैली अपनाई गई है, वह किसी भी स्तर पर बर्दाश्त योग्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की लड़ाई सडक़ से सदन तक लड़ेगी और दोषी प्राचार्य के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की मांग करती हे। युवा कांग्रेस ने बताया पूर्व में कई बार महाविद्यालय की छात्राओं के साथ कभी हॉस्टल में कभी महाविद्यालय में सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरती जा रही है जिसके कारण हाल ही में भी छात्रा के साथ घटना घटित हुई गई हे जिस पर महाविद्यालय की प्राचार्य मुख्य रूप से दोषी है जिसकी लापरवाही से महाविद्यालय का माहौल दिन भर दिन बिगड़ता जा रहे हैं। सागर मीणा ने मांग की राजस्थान सरकार द्वारा जो जांच बिठाई जा रही हे वो जांच खुद चोर को ही दी जा रही हे जिसका युवा कांग्रेस विरोध करती हे और ये मांग करती है कि महाविद्यालय मे हुई इस तरह की घटना की जांच जिला कलेक्टर कार्यालय के अधिकारियों द्वारा की जानी चाहिए।

युवा कांग्रेस द्वारा ये चेतावनी दी जाती हे कि अगर राजकीय तकनीकी महाविद्यालय के प्राचार्य के सभी गलत कृत्य और लापरवाही की जांच उच्च अधिकारियों द्वारा होनी चाहिए और प्राचार्य को तुरंत निलंबित कर नए प्राचार्य को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए।

युवा कांग्रेस तकनीकी कुलपति से मांग करती हे कि आप द्वारा तुरंत प्रभाव से रेखा मेहरा को निलंबित कर नए प्राचार्य को नियुक्ति देने की कृपा करे अन्यथा आगामी दिनों युवा कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन कर के महाविद्यालय बंद करवाया जाएगा।

## राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन समारोह शिक्षाविद दिनेश त्यागी के मुख्य आतिथ्य और संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर, जिला मंत्री चंद्रशेखर शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रियंका चौधरी और संघ के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर लोधी उपस्थित रहे।



समारोह की शुरुआत संघ के जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सारस्वत, कुमार गुर्जर, भानु प्रताप परमार, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह कुशवाहा, लोकेंद्र गर्ग, विष्णु शर्मा, राजीव सिसोदिया, सीमा सिंघल, संतोष प्रजापत, वंदना शर्मा, सुमनरानी मौर्य, राधेश्याम वर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, मनोज मीणा, हेमेन्द्र तोमर आदि पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण, साफा बांधकर एवं साल उड़ाकर स्वागत कर किया गया।

समारोह में राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबोधक राजेंद्र शर्मा, युवा साहित्यकार शिक्षक राहुल राज, विवेक शर्मा, बंटू कुमार सहित पिछले एक दशक से सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दो दर्जन शिक्षक पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य आतिथ्य दिनेश कुमार त्यागी ने कहा कि शिक्षक समाज और देश के विकास की दिशा तय करते हैं, लेकिन पिछले वर्षों से शिक्षकों को शिक्षा के अलावा अन्य कार्यों में लगाने की प्रवृत्ति से शिक्षा के स्तर में गिरावट आई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि स्कूलों में सभी शिक्षक पदों को भरते हुए उन्हें गैर-शैक्षणिक कार्यों पर लगाने पर रोक लगाई जाए।

अध्यक्षता करते हुए राजेश शर्मा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं। शिक्षा के बिना समाज और देश का विकास संभव नहीं है। शिक्षक उस दीपक के समान हैं जो स्वयं जलकर समाज को रोशनी प्रदान करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे छात्र-छात्राओं को संस्कारित और नैतिक मूल्यों की शिक्षा देने में अपनी भूमिका निभाएं।

महिला प्रकोष्ठ की जिला संयोजिका प्रियंका चौधरी ने कहा कि जिले के शिक्षकों ने सरकारी स्कूलों में पढ़ाई के माहौल को बेहतर बनाया और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर सराहनीय योगदान दिया है। संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने शिक्षकों की स्थाई स्थानांतरण नीति बनाने, अटकी हुई पदोन्नतियों को शुरू करने और उनकी समस्याओं के समाधान पर जोर दिया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पूंछरी दौरे की तैयारियों के लिए जिला अधिकारियों की बैठक



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के गिर्राज जी की सप्तकोशीय परिक्रमा के तहत राजस्थान सीमा स्थित तीर्थ स्थल पूंछरी के संभावित दौरे को लेकर शनिवार को ग्राम पंचायत सांवई के पूंछरी स्थित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के गेस्ट विश्राम गृह में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, स्वायत्त शासन, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत और चिकित्सा विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान विभागीय अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पालन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करना होगा। जिला कलेक्टर कौशल ने विभागवार जिम्मेदारियां तय करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। साथ ही विभागों के बीच समन्वय और आपसी सहयोग पर भी विशेष जोर दिया गया।

## स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज ने जड़खोर धाम में भक्ति मार्ग की महिमा बताई



**बढ़ता राजस्थान। डीग (नि.स.)।** डीग स्थित श्री जड़ख़ोर गोधाम में आयोजित श्री कृष्ण बलराम गौ आराधन महोत्सव के छठवें दिन स्वामी श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ईश्वर की प्राप्ति केवल भक्ति मार्ग से ही संभव है। उन्होंने निष्काम भक्ति को सर्वोत्तम बताते हुए कहा कि तन-मन-धन से की गई भक्ति में तपस्या और समर्पण न हो, तो वह पूर्ण नहीं मानी जाती। नारायण को समर्पण ही भागवत का सार है, और भक्त को अपने सभी सद्कर्म भगवान को समर्पित करने चाहिए, क्योंकि इससे पुण्य का संचय बढ़ता है। स्वामी श्री राजेंद्र दास जी ने आगे कहा कि गोपाल श्री कृष्ण की भक्ति धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की कामनाओं से भी परे है। भक्त सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर बार-बार भक्ति के लिए जन्म लेता है। इस अवसर पर भाजपा के राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी जड़ख़ोर धाम पहुंचे। उन्होंने स्वामी राजेंद्र दास जी महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया और भागवत कथा का भक्ति भाव से श्रवण किया। तिवारी ने कथा के पश्चात जड़ख़ोर गौशाला का भी अवलोकन किया और गौ पालन की व्यवस्था से प्रभावित होकर कहा कि गौ माता सनातन संस्कृति की आत्मा और ब्रज की पहचान हैं।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र से अतिक्रमण हटाया गया

**बढ़ता राजस्थान, भुसावर (नि.स.)।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत भुसावर उपखंड की ग्राम पंचायत इटामड़ा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से अतिक्रमण हटाया गया। ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान ग्रामवासियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, शिविर प्रभारी तहसीलदार अभय राज सिंह, सह प्रभारी सतीश चंद्र वर्मा और सीडीपीओ नीरज शर्मा को अतिक्रमण की शिकायत संबंधी प्रार्थना पत्र सौंपा। शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रशासनिक टीम ने मौका निरीक्षण किया और पुलिस प्रशासन के सहयोग से इटामड़ा प्रशासक ललितेश कुमारी, ग्राम विकास अधिकारी धर्म सिंह मीणा एवं अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटवा दिया। अतिक्रमण हटने पर ग्रामीणों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विकास विभाग एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम सेवा शिविर में दत्तक पुत्र को नाम शुद्धिकरण से मिली राहत

बढ़ता राजस्थान, भुसावर (नि.स.)। ग्राम पंचायत चैटोली स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र पर शनिवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर में विभिन्न योजनाओं की सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर उपलब्ध होने से आमजन ने राहत की सांस ली। इसी क्रम में ग्राम मेहतौली निवासी कुंवर सिंह दत्तक पुत्र भगवत गुर्जर का नाम राजस्व अभिलेखों में गलत दर्ज होने से वह लंबे समय से परेशान था। ग्रामीण सेवा शिविर में उसकी समस्या सुनते हुए राजस्व विभाग ने भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के अंतर्गत नाम शुद्धिकरण का प्रकरण दर्ज किया। राजस्व दल, भू-अभिलेख निरीक्षक और पटवारी चैटोली ने प्रकरण को उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर मौके पर ही निस्तारित किया। अब राजस्व रिकॉर्ड में कुमारसिंह दत्तक पुत्र भगवत की जगह सही नाम कुंवर सिंह दत्तक पुत्र भगवत दर्ज कर दिया गया।ग्रामीणों ने शिविर में त्वरित समाधान के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## अपनाघर सेवा समिति की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**बढ़ता राजस्थान, भुसावर (नि.स.)।** अपनाघर सेवा समिति भुसावर की बैठक शुक्रवार देर शाम डॉ. आर.एस. पचहरा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समिति अध्यक्ष राजकुमार बंसल उर्फ राजू ने बताया कि मां माधुरी ब्रज बारिश सेवा सदन अपना घर आश्रम बझेरा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 5 अक्टूबर को भुसावर से सैकड़ों लोग बसों के माध्यम से आश्रम जाएंगे और समारोह के साक्षी बनेंगे। इसके अतिरिक्त 11 अक्टूबर को कस्बा भुसावर में रोगी जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर वैर मार्ग स्थित आईटीआई कॉलेज परिसर में होगा, जिसमें विभिन्न रोगों की जांच चिकित्सकों द्वारा की जाएगी और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी।

## नवरात्र में अपना घर महिला इकाई ने किया अस्पताल में कन्याओं का पूजन

**बढ़ता राजस्थान, बाड़ी(राजू शर्मा)।** शहर के सामान्य चिकित्सालय में शनिवार को शारदीय नवरात्र में अपना घर आश्रम की महिला इकाई की पदाधिकारियों द्वारा अस्पताल में जन्म लेने वाली कन्याओं के पैर पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पूजन के बाद उनकी माताओं को महिलाओं द्वारा उनको बिस्कुट,कपड़े,फल सहित अन्य सामग्री भेंट दी गई। कन्या पूजन का यह कार्यक्रम आश्रम की संरक्षक कमलेश गर्ग के नेतृत्व में किया गया जिसमे अस्पताल के पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल के साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कमलेश आर्य ने बच्चियों के प्रति मां बाप के सजग होने की बात कही, उन्होंने कहा कि हमें अपनी बेटियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए और समाज में व्याप्त असामाजिक महिषासुरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। अपना घर महिला अध्यक्ष ऊषा मित्तल ने कार्यक्रम को आयोजन करने के लिए पूरी टीम के सहयोग की बात कही और जगत जननी से कन्याओं के अच्छे भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सचिव नीलम मंगल, विमला गर्ग, लता मंगल, शिल्पी गर्ग, रानी गर्ग, विद्या देवी, रीना गोयल, कमला बंसल, वंदना गर्ग, रौशनी शिवहरे, निर्मला शिवहरे, मीरा मित्तल सहित अन्य महिला कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रही।

## संयुक्त व्यापार विकास समिति चुनाव आजः अध्यक्ष और सचिव पद पर सीधी टक्कर

**बढ़ता राजस्थान, नैनवां (टी.आर सैनी)।** संयुक्त व्यापार विकास समिति नैनवां के अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए आज मतदान होगा। दोनों ही पदों पर प्रत्याशियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है। अध्यक्ष पद के लिए अनिल कुमार जैन मित्तल और संजय जैन आमने-सामने हैं, जबकि सचिव पद पर अमित कुमार मारवाड़ा और इंद्रेश नागर के बीच सीधा मुकाबला है। कुल 1097 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक श्रृंगी मैरिज गार्डन, बायपास रोड नैनवां में होगा। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की जाएगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। मतदान स्थल पर चार बूथ बनाए गए हैं।

## दशहरा महोत्सव को लेकर 6 अक्टूबर तक होंगे

**निवाई (का.स.)।** प्रताप स्टेडियम में नगरपालिका मण्डल के तत्वावधान में 15 दिवसीय दशहरा महोत्सव को लेकर 6 अक्टूबर तक अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। पालिकाध्यक्ष दिलीप ईसरानी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा प्रताप स्टेडियम में दर्शकों की सुविधाओं को लेकर हाईमास्क लाईटों से डेकोरेशन किया गया है। जिससे स्टेडियम जगमगा रहा है। दशहरे मेले को लेकर अहिंसा सर्किल, पुराने नगरपालिका भवन, अधिशासी अधिकारी आवास व नगरपालिका भवन को स्वचालित लाईटों से सजाया गया है। शहर में बस स्टेंड, जमात व अहिंसा सर्किल पर विशाल स्वागत द्वार बनाए गए हैं।

## एडीएम ने ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण किया, लाभार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ देने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(राजू शर्मा)।** राज्य सरकार द्वारा शहरी और ग्रामीण नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के शीघ्र निस्तारण एवं जन समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत जिले में शहरी और ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में उपखण्ड सैपऊ के चौराखेड़ा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीना ने किया।



अधिकारियों ने मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। एडीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र लाभार्थी को सरकारी योजनाओं का समयबद्ध और पारदर्शी लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पीएचईडी को पेयजल टंकियों की सफाई और लीकेज की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एफएचटीसी से संबंधित सडक़ मरम्मत कार्य ठेकेदार के माध्यम से कराए जाने और जेवीवीएनएल को नए कनेक्शन शीघ्र जारी करने के लिए निर्देशित किया।

साथ ही उन्होंने सामाजिक सुरक्षा विभाग को पेंशन सत्यापन, नए आवेदन और दिव्यांगों के लिए डिजिटल विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र बनवाने में सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने शिविर स्थल पर पौधा रोपण भी किया और ग्रामीणों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लेकर पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

**उपखंड बाड़ी में अन्नप्राशन अभियानः**

उपखण्ड बाड़ी में आयोजित सेवा शिविर में उपखण्डाधिकारी भगवत शरण त्यागी और तहसीलदार उत्तम चंद बंसल ने एक बच्चे का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान प्रधानमंत्री की व्यापक संकल्पना का हिस्सा है और इसमें सभी विभाग भावी पीढ़ी के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## मुख्यमंत्री के नाम विधायक राजेंद्र गुर्जर को दिया ज्ञापन

**टोंक (का.स.)।** हब एंड स्पोक मॉडल के अंतर्गत जनता को अधिक उनके उपलब्ध कराए की दृष्टि से जांचों के निजीकरण किए जाने के आदेश जारी किए गए है।जिसके विरोध में शनिवार को अखिल राजस्थान लेबोरेट्री टेक्नीशियन कर्मचारी संघ टोंक के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा ने देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन दिया है। संघ का कहना है कि वर्तमान में सरकारी बिल्डिंग और महंगी मशीनों की उपलब्धता होने से राज्य प के लैब टेक्नीशियन जांच रिपोर्ट समय पर मिल रही है। जांचों के निजीकरण (हब में पीएचसी से लेकर सीएचसी या कई चिकित्सालयों में अनेकों ऐसी जांचे हैं।

# ग्रामीण सेवा शिविर में नाम शुद्धिकरण से मिली राहत, इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से समस्याओं का समाधान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** ग्राम नादौली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में गांववासियों को सरकारी दस्तावेजों में नाम की अशुद्धियों से राहत मिली। नादौली एक छोटा सा गांव है, जहां अधिकांश लोग खेती और पशुपालन से जुड़े हैं। सरकारी योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवश्यक दस्तावेजों जैसे जमीन के कागज, राशन कार्ड, पेंशन और बैंक खाते में यदि नाम में गलती हो, तो लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ऐसी ही समस्याओं का सामना रामसुन्दर पुत्र वीरसिंह, संतोषीलाल पुत्र वीरना, फूलो पत्नी मूलचंद, रामवीर पुत्र महाराजसिंह और राजपाल उर्फ करूआ पुत्र विशालसिंह कर रहे थे। इन सभी के दस्तावेजों में नाम की अशुद्धियां सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में बाधक बन रही थीं।

समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत और तहसील कार्यालय के सहयोग से सभी आवेदकों ने शपथ पत्र बनवाए। ग्रामीण सेवा शिविर में उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा ने आवेदन और शपथ पत्र प्राप्त कर तहसीलदार राजाखेड़ा दिप्ती देव से दस्तावेजों की जांच कराई। तहसीलदार द्वारा भू अभिलेख निरीक्षक और पटवारी से रिकॉर्ड की पुष्टि के बाद उपखंड अधिकारी ने मौके पर ही नाम शुद्धिकरण की कार्यवाही पूरी की।

इउन्होंने कहा कि ग्राम नादौली में यह नाम शुद्धिकरण अभियान केवल उनके लिए नहीं बल्कि पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन गया है। यह साबित करता है कि इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन से कोई भी प्रशासनिक बाधा बड़ी नहीं होती। सरकार और स्थानीय प्रशासन द्वारा आयोजित शहरी और ग्रामीण सेवा शिविरों में जाकर ग्रामीण अपनी समस्याओं का समाधान आसानी से करवा सकते हैं।



# एक ही रात में तीन बाईको की चोरी से मल्टी वासियों में दहशत नांता क्षेत्र के सुखाडिया जी ब्लॉक में चोरों का आतंक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** नांता थाना क्षेत्र स्थित यूआईटी के आवासीय सुखाडिया जी ब्लॉक में चोरों ने आतंक मचा दिया। घटना 26 सितम्बर की रात की है जहां एक ही रात में तीन मोटर बाइक्स चोरी हो गए। हालांकि वारदात से कुछ मीटर की दूरी पर ही दो बाइक खड़ी मिली।

संदेहॉस्पद एक गाड़ी एचएफ डीलक्स है। जो की बूँदी नंबर की बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यह गाड़ी उनके यहां से चोरी नहीं हुई है।।संभवत है यह गाड़ी भी किसी अन्य स्थान लाई गई या चोरों की है । वहीं एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी यहां पर मौके पर मिली जो की सुखाडिया के ही जी ब्लॉक में रहने वाले राजेंद्र गुर्जर नामक व्यक्ति की निकली है।



पीड़ित जिनकी बाइक चोर ले गये।

इसके बाद लोगों ने एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जिसमें जी ब्लॉक की दीवार कूद कर जाते तीन लोग नजर आ रहे हैं।

वीडियो में चेहरा साफ नहीं है उन्होंने मुंह पर साफिया बांधी हुई थी। सुखाडिया में रहने वाले पीडि़त ने बताया कि सुबह 6.00 बजे पिताजी उठे तो उन्होंने कहा कि बाइक कहां है मैंने जाकर देखा की बाइक खड़े किये गये स्थान पर नहीं है। धीरे-धीरे अन्य लोगों की गाडियां चोरी की भी जानकारी सामने आई। कुल मिलाकर तीन लोगों ने एच एफ डिलक्स, पल्सर, स्पलेंडर, गाड़ी चोरी होना बताया,इसकी सूचना देने हम थाने पर पहुंचे तो वहां पर थाने के स्टाफ ने हमारी सूचना लिखित में ली। और पक्की रिपोर्ट के लिए 10:00 बजे दोबारा आने को कहा हमने घर आकर आसपास छानबीन शुरू कर दी तभी किसी व्यक्ति ने आकर कहा कि पीछे की तरफ दो बाइक खड़ी है स्थानीय निवासी ने जाकर देखा तो वहां पर डिस्पोजल खाने के पैकेट और दो बाइक खड़ी थी जिन्हें थाने पर पहुंचाया गया।

मौका ए वारदात तक नहीं पहुंची पुलिस वही जब लोगों से वारदात संदर्भ में दूसरे दिन जानकारी प्राप्त की तो सामने आया कि 36 घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस का कोई जवान या जाप्ता मौके पर नहीं आया । लोगों का कहना है कि जो बाइक बूंदी नंबर की हमने थाने में पहुंचा दी है, उसको आधार मानते हुए पुलिस को आगे कार्रवाई करनी चाहिए,तो संभवतः चोरों का पकडऩा आसान हो जाए।

### इनका कहना

**थानेदार नवल किशोर शर्मा का कहना है कि मेरी जानकारी में अभी तक यह मामला नहीं आया है । मामला आने पर कार्रवाई की जाएगी।**

**सवाल**

जबकि मौके से पीड़ित थाने के ही भरत मीना से बात करते हुए अपनी पीड़ा बता रहे हैं, ऐसे में थाने के मुखिया को अपने स्टाफ से जानकारी ना मिलना भी अपने आप में एक अपारदर्शिता का उदाहरण है । पीड़ित ने दिनांक 26 सितंबर प्रातः 7.00 बजे थाने पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर सूचना दी गई तब कहा गया की 10.00 बजे आना फरियादियों का कहना है कि 27 तारीख शाम तक भी पुलिस ने मौके पर पहुँचना गवारा नहीं समझा। वही स्थानीय लोगों ने बताया कि थाने से कोई व्यक्ति नहीं आया बल्कि एक गाड़ी बरामद होने पर जो कि मौका है वारदात पर अपराधी द्वारा छोड़ दी गई थी,संभवतया चोर ही इसको छोडक़र गये है।जिसे भी स्वयं हम लोगों ने ही जाकर थाने में जमा कराया । पुलिस द्वारा अभी तक रिपोर्ट तो दर्ज नहीं की गयी नहीं थानाधिकारी को जानकारी है वही दूसरी गाड़ी थाने को गाड़ी छोडऩे के लिए रसीद कटवाने की बात कर डाली।

## राजयोगा थॉट लैब ने लिटरेचर फेस्ट में,आधुनिक उपकरणों का किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** अध्ययन अध्यापन के तनाव को मुक्त करने के लिये मेडिटेशन के महत्व को समझने के लिए आधुनिक तकनीकी का सहारा लिया जा रहा है। आर टी यू में स्थित राजयोगा थॉट लैब ने लिटरेचर फेस्ट में स्टूडेंट्स को उनकी मानसिक स्थिति से अवगत कराते हुए कैसे अपने मन को स्वस्थ रख सकते है इसके बारे में बताया। इनोवेशन सेंटर की कॉर्डिनेटर प्रोफेसर डॉ लता ने बताया। ये बच्चों की मन और बुद्धि की उन्नति के लिए बहुत जरूरी है कि वो मेडिटेशन को अपने जीवन का हिस्सा बनाए। और बच्चों के लिए सुनहरा मौका है कि आर टी यू में बच्चों को ऐसा सेंटर मिल गया है। जहां वह अपनी मानसिक शक्ति पर काम कर सकते है। कोटा में बच्चों के लिए ऐसे एजुकेशन सिस्टम की जरूरत है जहां वो अपने मन की उन्नति के बारे में सिख सके जान सके। ये एग्जिबिशन फेस्ट में सबके आकर्षण का केंद्र रही। 400 से अधिक बच्चों ने इसके द्वारा लाभ प्राप्त किया। विनोद सर ने सभी को माइंड फ्लेक्स, ई सेंस और वी आर बॉक्स जैसे यंत्रों से अवगत कराया। बच्चों को मेडिटेंशन के फायदे बताए तथा मानसिक रोगों के नुस्खे भी सिखाए। सेंटर के वालंटियर्स ने फेस्ट में अपनी जिम्मेदारियों को संभालते हुए प्राचार्यों को सहायता प्रदान की, उनमें मुस्कान राठौर, दिशा वर्मा, मनोज और विष्णु गुप्ता प्रमुख रहे।

## ऑपरेशन गरुड़व्यूह के तहत अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा पुलिस द्वारा मादक पदार्थ की रोकधाम हेतु अभियान ऑपरेशन गरुडव्यूह जारी है। कार्यवाही करते हुए अभियुक्त राहुल साहू को विज्ञाननगर थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौत्तम ने बताया कि कोटा शहर में अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम के लिये दिलीप सैनीअतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला कोटा शहर व लोकेन्द्र पालीवाल वृताधिकारी वृत पंचम् कोटा शहर के निर्देशन में टीम - मुकेश कुमार मीणा पु.नि. देवेन्द्र सिंह है कानि खुन्नीराम कानि,शैलेष गोचर द्वारा अभियुक्त राहुल साहू को मादक पदार्थ गांजा 307 ग्राम की मात्रा के साथ डिटेन कर गिरफ्तार किया गया । तथा अभियुक्त से मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के बारे मे अनुसंधान जारी है।

## जे के मजदूरों ने कलेक्ट्रेट पर मनाया भगतसिंह का 118 वां जन्मदिन




बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करवाने ओर बन्द जे के फैक्ट्री को चालू करवाने की मांग को लेकर पिछले 222 दिनों से डरने पर बैठे मजदूर संगठनों ने शनिवार को शहीद ए आजम भगत सिंह का जन्मदिन मना कर विरोध प्रदर्शन जारी रखा। धरने मे लगभग 300 महिला /पुरुष मजदूर ओर माकपा कार्यकर्ता एवं सीटू सदस्यों के साथ अन्य आमजन भी मौजूद रहे। कामरेड हबीब खान जिला सैकेटरी सीपीआईएम कोटा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह आंदोलन 4200 मजदूरों का बकाया वेतन भुगतान करवाने ओर बन्द जे के फैक्ट्री को कोटा के विकास मे वापस सरकार द्वारा चालू करवाने के साथ ही रुकेगा। सरकार यदि रोकना चाहे तो मजदूरों का 500 करोड़ रुपयों से अधिक का बकाया वेतन जल्द सरकार से मजदूरों को भुगतान कराये । सरकार की दमनकारी नीतियां हम पर चलने वाले नहीं।

ईसी के साथ अंतिम निर्णय तक जे के मजदूरों को न्याय दिलाने की लड़ाई को लडऩे की शपथ ली। सीटू के मिडिया प्रभारी ने कि आज धरने पर शहीद भगतसिंह का 118 वां जन्मदिन दिन भगतसिंह की तस्वीर पर पुष्प माला पहनाकर मनाया इस दौरान शहीद भगतसिंह अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद, सम्राज्यवाद मुर्दाबाद के नारो के साथ साथ अमेरिकन नीति बन्द करो के नारे लगाये गए। ओर भगतसिंह की जीवनी पर व उनके संघर्षो के रास्ते चले पर विस्तार से चर्चा की ।शहीद भगतसिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सीपीआईएम वह जैसा भारत चाहते थे वैसा नहीं है।

## माता रानी की चौकी में कॉलोनी के गणमान्य नागरिकों का महिला मंडल ने सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** परमाणु बिजलीघर की आवासीय टाइप 4/48 अणु प्रताप कॉलोनी में माता रानी की चौकी का आयोजन धूम धाम से विधि पूर्वक किया जा रहा है।

महिला मंडल से राजू चौधरी ने बताया की रोज़ाना सुबह शाम आरती के पश्चात कीर्तन एवं माता रानी के भजन किए जाते है। आरती के पश्चात रात्रि में महिलाएं एवं बालिकाएं गरबा एवं डांडिया करती है। शनिवार को मुख्य अतिथि के रूप में परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी से विपुल ठाकुर, गायत्री दास, शैली गुप्ता, डिंपल गुप्ता, भारत विकास परिषद अध्यक्ष डी के व्यास, आशा व्यास, भारती एवं मनीष गिरी का उपरणा पहना कर स्वागत किया गया । माता रानी की चौकी में पधारे अतिथियों ने माता रानी की पूजा अर्चना की व माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान महिला मंडल कमिटी से राजू चौधरी,मीना प्रजापत,दीप्ति विश्वा मीरा मीणा, कविता त्यागी, रीता यादव,गीता, निर्मला शर्मा,शिखा वर्मा,देव कन्या,अनु शर्मा, रीना शर्मा धाकड़,शशि किरण, संतोष मेघवाल,संतोष वर्मा,अनीता सिंह कुसुम आंटी नीता नामा ,लक्ष्मी आशा शेखर दीपिका कुलदीप संगीता सिंह मीनू निश्चल शकुंतला आंटी लता राठौड़ आंटी सुनीता समनानी महावर,मीनाक्षी,संगीता जोशी, अर्चना विश्वकर्मा एवं समस्त नारीशक्ति मौजूद थी।

## रावतभाटा रामलीला में लाडपुरा कलाकारों की प्रस्तुति, राम-निषाद की मित्रता का दृश्य हुआ मंचित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** चारभुजा झालर बावड़ी दशहरे मैदान में चल रही भव्य रामलीला में कुंडल क्षेत्र के लाडपुरा से आए कलाकारों ने जोरदार प्रस्तुति दी। रामलीला के मंचन में आज भगवान श्रीराम और आदिवासी राजा निषादराज के बीच मित्रता का भावपूर्ण प्रसंग दिखाया गया।

प्रभु श्रीराम के चरित्र से यह स्पष्ट होता है कि उन्होंने जाति-पाति और ऊंच-नीच का भेदभाव मिटाकर निषादराज को गले लगाया और सच्ची मित्रता का संदेश दिया। इसी क्रम में भगवान श्रीराम और केवट की कथा का भी मंचन हुआ, जिसमें श्रीराम गंगा पार करने के लिए केवट से विनती करते हैं। केवट प्रभु के चरण धोकर उस अमृत को स्वयं पीता है और अपने परिवार को भी पिलाकर अपने जीवन का उद्धार कर लेता है।

रामलीला के दौरान व्यास पीठ पर विराजमान परम पूज्य गुरुदेव श्री बालकृष्ण जी दुबे और सुनील वालों ने रामायण की मधुर चौपाइयों से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावनात्मक दृश्यों को देखकर सभी श्रद्धालु श्रीराम जय-जय राम के जयकारों से वातावरण गूंज उठाने पर विवश हो गए।

## भगतसिंह का 118 वां जन्मदिन मनाया, हक-संघर्ष को तेज करने की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**इटावा,कोटा।** मजदूर किसान भवन सीपीआईएम कार्यालय इटावा पर शहीद भगतसिंह का 118 वां जन्मदिन दिवस मनाया गया।

जिसमें शहीदे आजम भगतसिंह के जीवन संघर्षो व जीवनी पर वक्ताओ ने विस्तार से प्रकाश डालते हुए भगतसिंह के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की पार्टी सदस्यों ओर सीटू व अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ताओ ने शपथ ली। भगतसिंह के 118 वे जन्मदिन दिवस के अवसर पर कार्यालय पर उपस्थित सदस्यों को माकपा तहसील सचिव कामरेड मुकुटबिहारी जंगम, सीटू निर्माण मजदूर यूनियन तहसील अध्यक्ष कामरेड गोपाल लाल महावर ने शहीदे आजम भगतसिंह की जीवनी ओर उनके द्वारा देश की आमजनता को अंग्रेजो की गुलामी से आजादी दिलाने किये संघर्षो को विस्तार से पेश किया ओर अपने जीवन मे भगतसिंह के क्रन्तिकारी विचारों को उतारने व भगतसिंह के रास्ते पर आगे बढऩे पर जोर दिया।

कार्यक्रम मे उपस्थित सभी सदस्यों ने मजदूरों, किसानों ओर आमजनता के हक अधिकारों को बचाने के लिए संगठन को मजबूत करने ओर शोषण के खिलाफ संघर्ष करने के लिए आमजन को लांबंध करने की शपथ ली।

## केसु राम के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया शिविर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (मंगल सिंह)।** रामगंज मंडी तहसील की ग्राम पंचायत अरनिया कला एवं गादिया में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर हनोतिया गांव निवासी केसु राम के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने केशुराम की गिरवी पड़ी जमीन छुड़वाने के एसडीएम को आदेश दिए। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर शिविर में लोगों की जनसुनवाई कर रहे थे। तभी केसु राम पुत्र रामनारायण निवासी हनोतिया अपना परिवाद लेकर आया और मंत्री से गुहार लगाई कि मेरी निजी जमीन 12 साल पहले गोला गांव के राजू गुर्जर के यहां 30000 में गिरवी रखी थी। अब मैं जमीन के




पैसे देकर उसे छुड़वाने को तैयार हूं परंतु राजू गुर्जर जमीन नहीं छोड़ रहा तथा मारपीट करने पर उतारू है। केसु राम ने मंत्री मदन दिलावर को ?30000 नगद सौंपते हुए कहा कि मेरी जमीन को छुड़वाया जाए और मुझे मेरा मालिकाना हक दिलाया जाय।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री एवं स्थानीय विधायक मदन दिलावर ने शिविर में मौजूद एसडीम चारुलता को नगद 30000 की राशि सौंपते हुए कहा कि केसु राम पुत्र रामनारायण निवासी हनोतिया को तुरंत इसकी जमीन छुड़ाई जाए तथा यह राशि संबंधित को सौंप दी जाए।

इंटरलॉकिंग के लिए दिए 6 लाख

अरनिया कलां ग्रामपंचायत के गांव अरनिया खुर्द में हैडपंप से खाल की ओर इंटरलॉकिंग मय नाली निर्माण के लिए 6 लाख रुपए अपने विधायक कोष से स्वीकृत किए है।

ग्राम पंचायत अरनिया कलां के शिविर में आज 7 आवासीय पट्टे,3 प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत किए,खाद्य सुरक्षा के 11 प्रकरण स्वीकृत किए गए। बी पी एल सर्वे 62 तथा फॉर्मर रजिस्ट्री 29 की गई।

गादिया ग्राम पंचायत के शिविर में बी पी एल सर्वे 42,खाद्य सुरक्षा 13, पट्टे 2, विवाह प्रमाणपत्र 2 तथा मृत्यु प्रमाण पत्र 3 जारी किए गए। फॉर्मर रजिस्ट्री 47 की गई।

शिविर में मूल निवासी प्रमाण पत्र 35 तथा जाति प्रमाण पत्र 30 बनाए गए। चौथमल पुत्र गोपाल और लथमी बाई पत्नी बाबू को शौचालय स्वीकृत किए गए।

## चौमहला में कवि सम्मेलन में छलके काव्य के नवरस, श्रोतागण भोर तक मंत्रमुग्ध

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** चौमहला में हरिहर नवदुर्गा मंडल की ओर से शुक्रवार रात्रि को स्व. हरिकृष्ण अग्रवाल और स्व. देवेंद्र सिंह चौहान की स्मृति में भव्य कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें काव्य के नवरसों की ऐसी बरसात हुई कि श्रोता भोर तक कविताओं का आनंद लेते रहे। वीर और हास्य रस के कवियों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को बांधे रखा, वहीं हास्य कवियों ने ठहाकों से समां बांध दिया।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जगदीश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गायरी, हेमचंद्र सिंह झाला, राघवेंद्र सिंह चौहान और दिपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन की शुरुआत उत्तरप्रदेश से आई कवयित्री डॉ. शुभम त्यागी ने सरस्वती वंदना से की। हास्य कवि भेरू नखराला (मिश्रौली) और रजनीश शर्मा (सीतामऊ) ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को खूब गुदगुदाया।

वीर रस के कवि भूपेंद्र राठौर ने आओ मिलकर दीप जलाएं... जैसी कविताओं से जोश भर दिया और जात-पात की दीवारें तोडऩे का संदेश दिया। इंदौर से आए हास्य कवि अतुल ज्वाला और बारां के हास्य बम सुरेंद्र यादवेंद्र ने ठहाकों से भरे मुक्तकों के जरिए श्रोताओं को लोटपोट कर दिया।

## 500 छात्राओं ने सडक़ हादसों रहित राष्ट्र बनाने की ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा विश्वविद्यालय, आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड, राजस्थान सडक़ सुरक्षा सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में महिला यूथ सडक़ सुरक्षा शिक्षा, जागरूकता एवं अनिवार्यता अभियान के तहत महिला सडक़ सुरक्षा अग्रदूत प्रशिक्षण एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 500 छात्राओं ने अग्रदूत प्रशिक्षण लिया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अग्रदूतों को शपथ दिलवाते हेतु विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि निश्चित रूप से यह सभी अग्रदूत आदर्श वाहन चालक का उदाहरण प्रस्तुत कर सुरक्षित सडक़ एवं समृद्ध भारत बनाने में सहायक बनेंगी। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा सडक़ सुरक्षा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने कहा कि वर्ष 2015 के पश्चात् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सडक़ सुरक्षा की दृष्टि से पहले की अपेक्षा अधिक सजग एवं जागरूक हुआ है। उनके नेतृत्व में राह-वीर योजना में प्रोत्साहन राशि 25 हजार के साथ सरकारी व निजी चिकित्सालयों में निशुल्क उपचार की योजनाएं संचालित हैं। अब देश न केवल सडक़ सुरक्षा बल्कि प्रत्येक दिशा में एक सशक्त राष्ट्र बनकर उभरा हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोटा यूनिवर्सिटी कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत ने बताया कि इस अभियान में महिलाओं को जोडऩे से लाभ मिलेगा और सडक़ दुर्घटनाओं में निश्चित रूप से कमी आएगी। अपने जीवन में घटित घटनाओ का उदाहरण देते हुए उन्होंने सभी से सेफ्टी से दोस्ती करने की अपील की।

प्रमुख प्रशिक्षक के रूप में सडक़ सुरक्षा विशेषज्ञ, गोल्ड मेडलिस्ट, भारत सरकार के पूर्व तकनीकी सलाहकार आरटीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने घर से निकल कर घर सुरक्षित पंहुचने के लिए उनके द्वारा तैयार सडक़ सुरक्षा चक्र एवं लिखित सडक़ सुरक्षा पॉकेट बुक के माध्यम से उदाहरण सहित समझाते हुए लेन ड्राइविंग एवं राष्ट्रीय गतिसीमा की संकल्पना को समझाया। अभियान के तहत अब तक 30 हज़ार सडक सुरक्षा अग्रदूत बनाकर विशेष सडक सुरक्षा संदेश लिखे हेलमेट वितरित किये जा चुके है। इस बार राजस्थान में 2000 महिलाओं को सडक़ सुरक्षा अग्रदूत बनाया जा रहा है।

अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कोटा राजीव त्यागी ने सभी छात्राओं को इस अभियान से जोडऩे के लिए आयोजकों का आभार जताया और सभी से देश में बढ़ रही सडक़ दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपील की ।













स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार